नई दिल्ली

**बुधवार, 26 नवंबर 2025**

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 223
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 11

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद हुआ ध्वजारोहण

**2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहरी, पीएम मोदी ने हाथ जोड़े, हुए भावुक**

सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में पीएम मोदी ने दाएं से बाएं घुमाई मशीन और मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज

# बोले- अब मानसिक 'गुलामी से मुक्ति' का लक्ष्य कुछ लोगों ने तो राम को भी काल्पनिक बता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूँज उठा।

क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएं उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूंज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। सुरक्षा के कड़े इंतज़ामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर ध्वज फहराया। करीब 8 हजार अतिथि समारोह के साक्षी बने, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक ▶▶ शेष पेज 7 पर

**मोदी ने 32 मिनट भाषण दिया, सियावर रामचंद्र की जय से संबोधन की शुरुआत की**



पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया







- देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे
- 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया श्रीराम मंदिर
- रामलला ने सोने और रेशम के धागों से बने पीतांबर वस्त्र धारण किए

## यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए

पीएम ने कहा कि सदियों के घाव भर रहे हैं, सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों से आस्था डिगी नहीं, एक पल भी विश्वास टूटा नहीं। धर्म ध्वजा केवल ध्वजा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। आने वाले सदियों तक यह ध्वज प्रभु राम के आदर्शों का उद्घोष करेगा। यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण ▶▶ शेष पेज 7 पर



मंच पर बाएं से महंत नृत्य गोपाल दास, आनंदी बेन, पीएम मोदी, सीएम योगी और आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत

### 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी

पीएम ने कहा कि आज से 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 साल पूरे हो रहे हैं। हमें आने वाले 10 सालों में भारत को गुलामी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भागवत बोले- जिन्होंने प्राण अर्पण किए, अब उनकी आत्मा तृप्त हुई

संघ प्रमुख डॉ.मोहन भागवत ने कहा- राम मंदिर आंदोलन में लोगों ने अपने प्राण अर्पण किए। आज उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। आज वास्तव में अशोक जी ▶▶ शेष पेज 7 पर



## आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को पितृ शोक

आज अंतिम यात्रा उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से निकलेगी



स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी

*स्वर्गीय कीर्तिनारायण हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएनएच-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी का 25 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

वे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मध्यप्रदेश शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। परिजनों ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर, बुधवार को ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया दुख

**वे निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईएनएच-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मप्र शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे। वे अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। मुख्यमंत्री ने परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है। अपने अनुशासन, विनम्रता और परिवार-समाज के प्रति समर्पण के लिए स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी हमेशा याद किए जाएंगे।

### शोक संवेदनाएं

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जताई संवेदना**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आईएनएच- हरिभूमि समाचार समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। राज्यपाल पटेल ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

**ईश्वर शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें**



मप्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आईएनएच– हरिभूमि समाचार समूह के प्रधान संपादक एवं मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी जी के पूज्यनीय पिताजी श्रद्धेय कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद ▶▶ शेष पेज 7 पर

## ॥ अंत्येष्टि आज ॥

अनित्यं जीवितं लोके सर्वं तद्भाग्यनिर्भरम्।
प्रार्थयामः शुभे स्वर्गं शान्तिः तस्यात्मनः सदा॥



**कीर्ति नारायण द्विवेदी जी**

1945 - 2025

मेरे पति श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का देवलोक गमन कल दिनांक 25 नवंबर को हो गया है। **अंतिम यात्रा आज** (26 नवंबर) प्रात: 9.00 बजे हमारे निज निवास 3, सिंधी कालोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम जाएगी।

**॥ श्रद्धानवत ॥**

श्रीमती रमा द्विवेदी (पत्नी)
डॉ. हिमांशु (प्रधान संपादक हरिभूमि समाचार पत्र समूह)–डॉ. पूजा द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
एडवोकेट रवि–एडवोकेट अनामिका द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. राखी–डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्री-दामाद)
राधिका, शिवांश, धवल और आराध्या (पौत्र-पौत्री)


इंश्योरेंस भी, सेविंग्स भी




मेरा नियमित प्रीमियम प्लान!

LIC's नव जीवन श्री
यूआईएन: 512N387V02
प्लान नं.: 912
नियमित प्रीमियम पेमेंट प्लान

लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकल समाधान.

- देय गारंटीड ॲडिशन्स – सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम (करों के बिना) के प्रतिशत के रूप में.
- सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि.
- 6/8/10/12/15 वर्ष की आकर्षक प्रीमियम भुगतान अवधियाँ.
- पॉलिसी अवधि विकल्प: 10 से 20 वर्ष.

प्लान ऑनलाइन भी उपलब्ध है

(एक नॉन–पार, नॉन–लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना)

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/R1/2025-26/23/Hin

LIC मोबाइल ऐप डाउनलोड करें LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें.
जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों की अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की मौजूदगी में नई पर्यटन पहल को मिली हरी झंडी

# 'दिल्ली में हॉट एयर बैलून राइड का सफल ट्रायल' चार स्थानों पर शुरू होंगी पब्लिक राइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली ने मंगलवार को एक नई उपलब्धि हासिल की, जब उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की मौजूदगी में बाँसेरा में हॉट एयर बैलून राइड का पहला सफल ट्रायल आयोजित किया गया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी और बताया कि इस अनोखी पहल से राजधानी में इको-टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। ट्रायल के साथ ही शहर में बाउंड (टेदर्ड) हॉट एयर बैलून राइड की संभावनाओं को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया गया। डीडीए ने घोषणा की है कि हॉट एयर बैलून राइड्स चार स्थानों जैसे - बांसेरा, असिता, यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर जल्द ही आम जनता के लिए शुरू की जाएंगी। नवंबर से फरवरी तक का समय उत्तर भारत में बैलूनिंग का आइडियल सीजन माना जाता है, ऐसे में पर्यटक और दिल्लीवासी जल्द ही इस रोमांचक अनुभव का आनंद ले सकेंगे।

### जल्द शुरू होने की है उम्मीद

डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल प्रतिदिन चार घंटे टेदर्ड फ्लाइट्स की अनुमति होगी, हालांकि आवश्यकता के अनुसार समय बढ़ाया जा सकता है। डीडीए द्वारा यमुना किनारों पर चल रही परियोजनाएं - जैसे असिता और सराय काले खाँ में विकसित बाँसेरा बैम्बू पार्क - दिल्ली के पर्यावरण और मनोरंजन संरचना में बड़ा बदलाव ला रही हैं। हॉट एयर बैलून राइड का सफल ट्रायल न केवल दिल्ली पर्यटन के लिए एक नया अध्याय खोलता है, बल्कि राजधानी की छवि को भी नए आयाम देता है। आम जनता के लिए इसके जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

### प्राकृतिक सौंदर्य, रिवरफ्रंट और शहर को देख सकेंगे

डीडीए ने बताया कि उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने डीडीए को यमुना के बाढ़ मैदानों के कायाकल्प और नए मनोरंजन स्थलों के विकास में लगातार मार्गदर्शन दिया है। उनके प्रत्यक्ष निरीक्षण में विकसित यह परियोजना दिल्ली के सतत पर्यटन मॉडल को मजबूत करती है। बैलून राइड शुरू होने के बाद लोग दिल्ली के प्राकृतिक सौंदर्य, रिवरफ्रंट और शहर के विस्तृत नज़ारों का एरियल व्यू ले सकेंगे।

## आजादपुर टर्मिनल के रात दस बजे बंद हो जाते हैं दरवाजे

दया राम ⏭ नई दिल्ली



■ टर्मिनल के बाहर बस रुकती नहीं, यात्री होते रहते हैं परेशान

दिल्ली सरकार द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाकर तैयार किया गया आजादपुर का नवनिर्मित बस टर्मिनल इन दिनों रात 10 बजे के बाद यात्रियों के लिए मुसीबत का कारण बनता जा रहा है। सोमवार रात जब हरिभूमि संवाददाता यहां टर्मिनल पहुंचे तो पाया कि रात 10 बजे के बाद टर्मिनल के गेट बंद कर दिए जाते हैं, जबकि बस सेवाएं देर रात तक जारी रहती हैं। इस कारण बसें टर्मिनल के अंदर नहीं जा पाती हैं और ऐसे में जब यात्री टर्मिनल के बाहर आकर बस का इंतजार करते हैं और बस चालक को बस रोकने का संकेत करते हैं तो बस चालक यहां बसों को नहीं रोकते हैं। जिसके चलते यात्रियों को रात दस बजे के बाद भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, डीटीसी प्रशासन का कहना है कि इस संबंध में जल्द ही कार्य किया जाएगा ताकि ऐसी समस्याएं यात्रियों को ना आए।

स्थानीय यात्रियों और दैनिक बस यात्रियों ने बताया कि टर्मिनल बंद होने के बाद टर्मिनल के बाहर भी बसें नहीं रुकती हैं, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को सुरक्षा और सुविधा दोनों ही तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार एक तरफ आधुनिक टर्मिनल बनाकर सुविधा देने का दावा करती है, वहीं रात को गेट बंद होने से इसका उपयोग ही नहीं हो रहा।

यात्री बताते हैं कि सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर लोगों ने मांग की है कि या तो टर्मिनल को 24 घंटे संचालित किया जाए या फिर कम से कम रात 12 बजे तक टर्मिनल खुला रखा जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों और यात्रियों की मांग है कि दिल्ली सरकार और संबंधित विभाग तत्काल इस समस्या पर कार्रवाई करें और यात्रियों को सुरक्षित व सुचारु परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएं।

## खबर संक्षेप

### विवेक विहार में मकान की छत गिरने से पांच लोग घायल

**नई दिल्ली।** शाहदरा के विवेक विहार थाना अंतर्गत ज्वाला नगर में मंगलवार सुबह चार मंजिला मकान पर नवनिर्मित ढांचे की छत गिरने से एक महिला समेत कम से कम पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मामूली चोटें आई है। घायलों में दो मजदूर भी शामिल बताये गये हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार सुबह 9.50 बजे घटना के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पांच दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। उधर दिल्ली पुलिस को परिवार के सदस्य अवनीश ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर एक हॉल बनाने के लिए निर्माण कार्य जारी था। नवनिर्मित छत का लेंटर अचानक गिर गया। पुलिस ने बताया कि परिवार के दो सदस्यों, एक किरायेदार और घटनास्थल पर काम कर रहे दो मजदूरों सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। बाद में किरायेदार राजेश मामूली चोटों के साथ खुद ही अस्पताल पहुंचे। घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### 'दिल्ली सरकार महिला भत्ता देने के प्रति कटिबद्ध'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेखा गुप्ता की सरकार महिला भत्ता देने के प्रति कटिबद्ध है और शीघ्र यह दिल्ली की सभी महिलाओं को मिलने लगेगा। इसके लिए बनी समिति का कार्य तेज़ी से पूर्ण हो रहा है और शीघ्र महिला भत्ता पाने के नियमों की घोषणा होगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मात्र 9 माह में पानी बिलों का सरचार्ज माफ करने, जी.एस.टी. रिफंड देने, नई डी.टी.सी. बसे लाने एवं पिंक टिकट योजना को बेहतर करने, 75 से अधिक आयोग्य मंदिर बनाने एवं वृद्ध असाहय पेंशन की संख्या बढ़ाने जैसे सराहनीय कदम उठाने से भाजपा की प्रतिष्ठा चर्म पर है और महिलाओं को विश्वास है कि शीघ्र उन्हे महिला भत्ता भी मिलने लगेगा।

### भाजपा सरकार में ड्रग्स कैपिटल बनती जा रही दिल्ली : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। 'आप' के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार में देश की राजधानी दिल्ली ड्रग्स कैपिटल बनती जा रही है। पहले दिल्ली में ड्रग्स के 62 हॉट स्पॉट थे, जो अब बढ़कर 179 हो गए हैं। हर कॉलोनी, मोहल्ले, बार व क्लब में खुलेआम ड्रग्स परोसे जा रहे हैं, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि म्यांमार, पाकिस्तान समेत कई देशों से दिल्ली में नशा आ रहा है, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार सो रही है।

## 86 वर्षीय महिला को लूटने के आरोप में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बिंदापुर इलाके में किराए का कमरा पूछने के बहाने घर में घुसकर 86 वर्षीय महिला के सोने के जेवर लूटने के आरोप में तीन सगे भाई-बहनों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि दो आरोपी महिलाओं, उनके भाई और उसके दोस्त ने बुजुर्ग महिला के घर के बाहर 'किराए पर कमरा' का बोर्ड देखा और इसी बहाने घर में प्रवेश किया। इनके पास से लूटी गई सोने की चूड़ियां, बालियां और एक अंगूठी बरामद कर ली गयी है। आरोपियों के नाम नंदराम पार्क निवासी रतन महतो (19), उसकी बहनें अंजलि (24) और रंजू (20) तथा उनके दोस्त उत्तम नगर निवासी राजू कुमार (27) बताये गये हैं।

पुलिस को 14 नवंबर को इस संबंध में शिकायत मिली थी। दो महिलाओं और दो पुरुषों ने घर में जबरन घुसकर अकेली बुजुर्ग महिला से जेवर लूटे थे। जांच टीम ने 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिससे एक आरोपी महिला की पहचान हुई। आरोपियों ने खुलासा किया कि घटना से लगभग 10 दिन पहले उन्होंने महिला को घर के बाहर सोने के जेवर पहने देखा था। 'कमरा किराए पर' का बोर्ड देखकर उन्होंने लूट की योजना बनाई था। लूट से कुछ दिन पहले दोनों महिलाओं ने कमरे के बारे में पूछताछ भी की थी, जिससे उन्हें पता चला कि बुजुर्ग महिला दिन के समय घर पर अकेली रहती है।

## नारायणा इलाके में तीन मंजिला इमारत में लगी आग, एक व्यक्ति करवाया रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के नारायणा इलाके में मंगलवार तड़के तीन मंजिला एक इमारत में आग लगने के बाद दूसरी और तीसरी मंजिलें ढह गई। मलबे में एक व्यक्ति फंस गया था। दमकल और एनडीआरएफ व पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शख्स का रेस्क्यू करवाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि पेंट और थिनर के गोदाम वाली इस इमारत में आग लगने की तड़के दो बजकर 35 मिनट पर मिली। पुलिस स्टेशन नारायणा के नजदीक स्थित इमारत की आग बुझाने के लिये दमकल की 26 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। सुबह आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। दमकल विभाग ने बताया कि मलबे में एक व्यक्ति के फंसे होने की आशंका थी। इसके लिये बड़े स्तर पर सर्च व रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। इसके बाद 60 वर्षीय पांचू राम को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया।

### शॉप ऑनर की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार आग की सूचना तड़के 2.45 बजे मिली। पुलिस मौके पर मुल्तान पेंट्स एंड इलेक्ट्रिकल, बिल्डिंग नंबर 3, कम्युनिटी सेंटर नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया पहुंची। पता चला कि आग सुबह करीब 2.15 बजे लगी थी और आस-पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को खुद बताया था क्योंकि वह घटनास्थल के पास ही था। बताया यह भी गया कि दुकान का मालिक रोहन पुत्र केशव दास निवासी के-9, राजौरी गार्डन पीसीआर कॉल से आधा घंटा पहले बिल्डिंग में घुसा था। रोहन का अभी तक पता नहीं चला है। सुबह करीब 7.30 बजे बिल्डिंग की दूसरी और तीसरी मंजिल गिर गई। 287 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया जा रहा है। आग लगने का कारण पूरी तरह से जांच के बाद ही पता चलेगा।

### महिला समाचार एंकर के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने के आरोपी को किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने कथित तौर पर फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाने और एक महिला समाचार एंकर के खिलाफ अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में मुंबई से 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम जम्मू निवासी चेत कमल प्रकाश है।
पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता पल्ला बख्तावरपुर में रहती है। उन्होंने बताया था कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी तस्वीरों का उपयोग करके फर्जी प्रोफाइल बनाकर अपमानजनक एवं फर्जी सामग्री अपलोड कर रहा है। डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने महिला एंकर से जुड़ा मामला होने के कारण मामले को गंभीरता से लिया। आरोपी शख्स ने महिला एंकर को बाकायदा फोन कर धमकी भी दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि उनकी आगामी शादी में बाधा डाली जाएगी और उत्पीड़न जारी रहेगा। प्रारंभिक जांच के बाद 16 नवंबर को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी के तहत मामला दर्ज किया गया। कॉल डिटेल रिकॉर्ड, सोशल मीडिया रजिस्ट्रेशन डाटा और आईपी लॉग्स की जांच की गई। पता चला कि उत्पीड़न में शामिल अकाउंट प्रकाश से जुड़े एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करके बनाए गए थे।

## डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग महिला से 49 लाख की ठगी

### नर्सिंग असिस्टेंट समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट में शामिल तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने एक 71 वर्षीय महिला से 49 लाख रुपये की ठगी की थी। आरोपियों में नर्सिंग स्टाफ भी शामिल है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार एक मामले में 71 साल की महिला से साइकोलॉजिकल दबाव, लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों का रूप धारण करके और टेक्निकल धोखे से 49 लाख रुपये की ठगी की गई थी। दूसरे मामले में एक 43 साल की स्टेशनरी की दुकान की मालिक से क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टमेंट के जरिए ज्यादा रिटर्न कमाने के बहाने 39,50,000 रुपये की ठगी हुई थी। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी लोग फरार थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार जगह बदल रहे थे। उन्हें टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस इनपुट के जरिए ट्रेस करके गुड़गांव और हिसार, हरियाणा से पकड़ा गया। आरोपियों के नाम हिसार निवासी रवि, मंदीप और तुगलकाबाद एक्सटेंशन दिल्ली निवासी कलीम हैं। रवि महज 19 साल का है। 12वीं क्लास तक पढ़ा है और अभी नर्सिंग असिस्टेंट का कोर्स कर रहा है। उसने बैंक में एक म्यूल अकाउंट खोला और उसे ठगी गई रकम के कुछ परसेंटेज पर बेच दिया था। मंदीप 21 साल का है। वह भी 12वीं क्लास तक पढ़ा है और अभी डीजे का काम करता है। उसने यह अकाउंट दूसरे आरोपी को बेच दिया था। तीसरा आरोपी कलीम 32 साल का अनपढ़ है। वह बढ़ई का काम करता है। इसने एक फर्म के नाम पर म्यूल अकाउंट खोला था। आरोपी ने पीड़ितों को डराने के लिए पुलिस अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों की नकल की थी। पीड़ितों को कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया। इन्होंने ज्यादा रिटर्न का वादा करके पीड़ितों को लुभाने के लिए धोखाधड़ी वाले इन्वेस्टमेंट पोर्टल भी बनाए।

## पूरे वर्ष गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे : रेखा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लाल किला में गुरु तेग बहादुर साहिब को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समागम में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पहुंची। राष्ट्रपति ने गुरु साहिब को नमन किया और श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

समागम में राष्ट्रपति ने श्री गुरु ग्रंथ साहिबके सामने माथा टेका और इस आयोजन पर अगाध श्रद्धा व्यक्त की। इस विशेष धार्मिक आयोजन में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्र सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, सिख समाज के गणमान्य लोग व भारी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस समागम के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की अपार संख्या उन्हें भावुक कर रही हैं। उन्होने कहा कि दिल्ली के इतिहास में ऐसा आयोजन पहली बार हो रहा है, जहां तीन दिन तक लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन में भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में यह समागम केवल एक शुरुआत है।

आने वाले पूरे वर्ष के दौरान दिल्ली सरकार, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सहयोग से दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गुरु साहिब की शिक्षाओं और उनके सद्भावना संदेश को आम जन तक पहुंचाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब के जीवन, आदर्शों और बलिदान को बच्चों और युवाओं तक पहुंचाने के लिए विशेष पुस्तकों का प्रकाशन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर एक 'वन' (फॉरेस्ट) विकसित किया जाएगा, जिसमें नए पौधे लगाए जाएंगे, जो भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के नाम से कई जनहित योजनाएं शुरू करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने देश-विदेश से आए सभी श्रद्धालुओं को हृदय से नमन किया।

**दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल्ज लि0, सोनीपत**

(नोटिस)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकट भविष्य में निदेशक मण्डल के चुनाव होने तय हैं इसलिए जो भी इच्छुक व्यक्ति सहकारी चीनी मिल, सोनीपत का शेयरधारक बनना चाहता है व सहकारी चीनी मिल, सोनीपत के शेयर दिनांक 26.11.2025 से 11.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में खरीद सकता है। एक शेयर की राशि 100/- रू जमा 05 रू एडमिशन फीस कुल 105/- रू होगी। इसके पश्चात किसी भी आवेदन कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रबन्ध निदेशक
दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल्ज लि0
सोनीपत

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल उर्फ आलू, पुत्रः श्री राम स्वरूप, पताः वेगाबोंड पुल मिठाई, दिल्ली** ने **FIR No. 11/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनिल उर्फ आलू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनिल उर्फ आलू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 11/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अभियुक्त **अनिल उर्फ आलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री वैभव गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11
सेंट्रल जिला, कमरा नं. 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15710/N/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान** पुत्र मो. रजा निवासी मेन मुबारकपुर बस स्टैंड, संडे बाजार, मंदिर मस्जिद के पास, मुबारकपुर, प्रेम नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 351/2021 धारा 379/356/411/34 भा.द.स., थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 351/2021 धारा 379/356/411/34 भा.द.स., थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **05.01.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री अपूर्व भारद्वाज,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (उत्तर–पश्चिम),
कमरा नं. 113, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15811/RD/2025

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–06 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे में रेलवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य हेतु सक्षम प्राधिकारी (सीएएलए) को सुविधा प्रदान करने सहित नई लाइन, बाईपास/कॉर्ड लाइन, दोहरीकरण/मल्टी–ट्रैकिंग, फ्लाईओवर आदि के लिए आगामी सर्वेक्षण कार्य के संबंध में डीपीआर, ईपीसी निविदा दस्तावेजों की तैयारी के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (भू–तकनीकी अध्ययन, डिजाइन, चित्र तैयार करना) और अन्य प्रारंभिक गतिविधियों के लिए दर अनुबंध। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 137,77,47,187.24 |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 70,38,700/- |
| 5. | विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 21.11.2025 से 24.12.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली तथा ऑनलाइन वीडियो कॉफ्रेंसिंग लिंक के माध्यम द्वारा। में दिनांक 01.12.2025 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | पूर्वावलोकन प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 02.12.2025 18:00 बजे तक |
| 8. | पूर्वावलोकन प्रश्नों का उत्तर | 08.12.2025 18:00 बजे तक |
| 9. | ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | **24.12.2025** को 11:30 बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 10.12.2025 से 24.12.2025 तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 10. | ई–निविदा खुलने की तिथि और समय | 24.12.2025 को 11:30 बजे। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

सं0 – 74–डब्लु/4/1/480/डब्लु.ए./मुख्यालय दिनांक : 24.11.2025 3654/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Destini 125 VX in Delhi.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr: Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.

# बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम में आयोजित सामूहिक मासिक गतिविधि शिविर

पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के दिशा-निर्देशानुसार व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के मार्गदर्शन में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सेक्टर-30 पुलिस लाइन में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक सामूहिक मासिक गतिविधि शिविर का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के दिशा-निर्देशानुसार व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के मार्गदर्शन में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सेक्टर-30 पुलिस लाइन में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक सामूहिक मासिक गतिविधि शिविर का आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर में 10 विद्यालयों से आए स्टूडेंट पुलिस कैडेट्स ने उत्साहित होकर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों को पुलिसिंग और अनुशासन से जोडऩा था, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, सामाजिक दायित्व और सकारात्मक व्यवहार का विकास करना भी प्रमुख रहा।



### अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक

कैडेट्स के लिए विविध प्रकार की सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स में यह समझ विकसित की गई कि अनुशासन, जिम्मेदारी और सहकारिता जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सभी कैडेट्स ने अत्यंत उत्साह, जोश और समर्पण के साथ भाग लेते हुए इन गतिविधियों को सफल बनाया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रकार के सामूहिक शिविर बच्चों को न केवल पुलिस कार्यप्रणाली की समझ देते हैंए बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम ने एक बार फिर प्रमाणित किया है कि पुलिस विभाग न केवल कानून.व्यवस्था के लिए समर्पित है, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी निरंतर कार्यरत है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी की एनओसी के नाम पर 45 हजार ठगे




**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में गाड़ी की एनओसी भेजने के नाम पर युवक से 45,300 रुपए ठगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने गाड़ी की एनओसी को कोरियर करने के नाम पर पर उसे ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में मोहन ने बताया कि उसकी कार की एनओसी आनी है। उसके पास गत 20 नवंबर को फोन कॉल आया।

### चाकू-पत्थर से वार कर युवक की हत्या



**फरीदाबाद।** बीती रात करीबन डेढ़ बजे एक नंबर स्थित सी ब्लॉक में दोस्तों के आपसी विवाद में एक युवक की चाकू और पत्थरों से बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावर घायल पड़े युवक को लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। शोर-शराबा सुनकर घरों से बाहर निकले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पड़े युवक को सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### खाता वेरिफिकेशन के नाम पर 16 लाख की ठगी



**फरीदाबाद।** थाना सैंट्रल की टीम ने धोखाधडी के एक मामले में खाता ऑपरेट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के पास व्हाट्सएप पर कॉल आया, जिसने उसे कैनरा बैंक एटीएम कार्ड की फोटो भेजी, जिस पर उसका नाम लिखा था। ठग ने कहा कि खाता में 3 करोड़ रुपए है।

### युवक ने छत से छलांग लगाकर की आत्महत्या



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी वन में एक युवक ने छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सहायक पुलिस आयुक्त नन्दग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि थाना नन्दग्राम को सूचना मिली कि ऑफिसर सिटी वन में एक व्यकित ने छत से छलांग लगा दी है उसकी हालत गम्भीर है। तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची ।

### महिपाल ने हाफ मैराथन में स्वर्ण पदक जीता



**गाजियाबाद।** तमिलनाडु के आरके बीच रोड विशाखापट्टनम पर एसबीआई ग्रीन हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। उन्होंने मैराथन में 55 प्लस आयुवर्ग में भाग लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। 300 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने 21.09 किमी की मैराथन एक घंटा 31 मिनट में पूरी की।

## अनाज मंडी स्थित दो खाद-बीज भंडार पर कराई शिनाख्त

# लाल किला ब्लॉस्ट केस में आरोपी मुजम्मिल को लेकर गुरुग्राम के सोहना पहुंची एनआईए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली के लालकिला ब्लॉस्ट केस में पकड़े गए आरोपी मुजम्मिल को लेकर एनआईए की टीम सोहना के दो खाद-बीज भंडारों पर शिनाख्त के लिए लेकर पहुंची। सोहना अनाजमंडी के पास स्थित मदान व लक्ष्मी खाद बीज भंडार से अमोनियम नाइट्रेट खरीदने की शिनाख्त कराई गई।एनआईए टीम के पहुंचते ही सोहना की अनाज मंडी में हड़कंप मच गया और भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए।

### मदान बीज भंडार से 600 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा था

सूत्रों के अनुसार, आरोपी मुजम्मिल ने जांच टीम को बताया कि उसने लक्ष्मी बीज भंडार से 1000 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट जबकि मदान बीज भंडार से 600 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट खरीद किया था। आरोपी इसे सोहना-पलवल रोड से लेकर गया था। एनआईए की टीम ने आरोपी से खरीद के दौरान गाड़ी खड़ी करने से लेकर, अमोनियम नाइट्रेट कितना खरीदा, ले जाने के रूट आदि की भी शिनाख्त की। इस दौरान सोहना अनाजमंडी के आसपास भारी-भीड़ जुटी रही। दिल्ली ब्लास्ट के दो दिन बाद फरीदाबाद क्राइम ब्रांच ने दोनों दुकानों के संचालकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन पूछताछ के बाद दोनों दुकानदारों छोड़ दिया था। वहीं दोनों खाद-बीज भंडार मालिकों से एनआईए की टीम कई दिन पहले हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है।

> आरोपी मुजम्मिल ने जांच टीम को बताया कि उसने लक्ष्मी बीज भंडार से 1000 किग्रा अमोनियम नाइट्रेट जबकि मदान बीज भंडार से 600 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट खरीद किया था। आरोपी इसे सोहना-पलवल रोड से लेकर गया था। एनआईए की टीम ने आरोपी से खरीद के दौरान गाड़ी खड़ी करने से लेकर, अमोनियम नाइट्रेट कितना खरीदा, ले जाने के रूट आदि की भी शिनाख्त की।

**खास बातें**

- सोहना अनाजमंडी के आसपास भारी-भीड़ जुटी रही
- एनआईए की टीम धौज इलाके में लेकर पहुंची थी

### विदेशी हैंडलरों द्वारा कुल 42 वीडियो भेजे




इस मामले में फरीदाबाद से पकड़े गए टेरर मॉड्यूल में डॉ. मुजम्मिल ही वह व्यक्ति है, जिसे विदेशी हैंडलरों द्वारा कुल 42 वीडियो भेजे गए थे। इन वीडियो में उसे विस्फोटक बनाने की विस्तृत विधि सिखाई गई थी। सुरक्षा एजेंसियां अब उन विदेशी हैंडलरों की भूमिका, पहचान और नेटवर्क की गहन जांच कर रही हैं। एनआईए की टीम द्वारा मौके का मुआयना पूरा किए जाने के बाद मामले की तह तक पहुंचने के लिए आगे की पूछताछ और तकनीकी जांच कर रही है।

### मुजम्मिल को धौज में भी लेकर पहुंची थी एनआईए

एनआईए के साथ पुलिस की 15 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। सूत्रों के मुताबिक थाना धोज के एसएचओ भी उनके साथ रहे. वहीं एनआईए की टीम मुजम्मिल को आरोपी शब्बीर के घर भी लेकर पहुंची थी, जहां पर ग्राइंडर व मेल्टिंग फर्नेस बरामद किया था। फरीदाबाद के धौज इलाके में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी के आतंकी डॉ. मुजम्मिल को बीती रात एनआईए की टीम धौज इलाके में लेकर पहुंची थी। एनआईए की टीम उन सभी इलाकों पर मुजम्मिल की लेकर पहुंची और निशानदेही कराई. इस कार्रवाई में एनआईए को कई घंटे लगे और जांच के बाद टीम लगभग 1:30 बजे और रात को वापस लौट गई।

## स्कूटी पर कैश लेकर लौट रहा था

3 नकाबपोश बदमाशों ने देसी कट्टा दिखा डराया

# हथियार दिखाकर सीए से 25 लाख की लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सोमवार देर शाम एक बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई, जिसमें स्कूटी सवार एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से तीन नकाबपोश बदमाशों ने 25.33 लाख रुपए लूट लिए। यह घटना शहर थाना बल्लभगढ़ क्षेत्र के सिंगला सामुदायिक भवन सीही गेट के पास हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश में कई टीमें गठित की गई हैं।

### तलाश के लिए टीमें गठित की गई थी

एमवीएन एथेंस सोसाइटी सिही गेट निवासी रोहित कंसल ने पुलिस को बताया कि वह और उसका साथी नितिन शर्मा निवासी राजवाड़ा बल्लभगढ़, दोनों सीए हैं और एक फर्म का काम देखते हैं। उनकी फर्म के मालिक देवदत्त निवासी पलवल ने बीएस इंडस्ट्रीज के खाते में 26.40 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे।

यह राशि भगवानदास नामक व्यक्ति के कहने पर भेजी गई थी। बाद में भगवानदास ने इस रकम में से 25.33 लाख रुपए कैश के रूप में रोहित कंसल को सेक्टर.25 स्थित बत्ती सोहना रोड पर उनकी स्कॉर्पियो कार में दिए।

### हथियार दिखाकर छीना बैग

रोहित कंसल ने बताया कि वह यह कैश अपने बैग में रखकर स्कूटी से सिही गेट की ओर निकल पड़ा। शाम करीब 6 बजे जब वह सामुदायिक भवन के पास पहुंचा, तभी तीन नकाबपोश युवक बाइक पर सवार होकर उसकी स्कूटी के आगे आकर रुक गए। बदमाशों ने हथियार दिखाकर धमकाया और बैग छीन लिया। उनकी बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी, जिससे पहचान मुश्किल हो गई।

### पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने किया सुसाइड

**फरीदाबाद।** सेक्टर-19 स्थित राजा गार्डन इलाके में नेपाल के रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक सफाई कर्मचारी का काम करता था। ओल्ड थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। ओल्ड थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नेपाल का रहने वाला 28 साल का का विष्णु रिलेक्स सोन क्लिनिंग सर्विस में काम करता था।

# 2 को गिरफ्तार कर भेजा जेल, फोन व 700 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

21-22 नवंबर की रात बल्लभगढ़ सरकारी स्कूल के पास रुपए व फोन छीनने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके कब्जे से फोन व 700 रुपए बरामद किए है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बंटी वासी अहीरवाडा फरीदाबाद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 21-22 नवंबर की रात को वह घर जा रहा था। रास्ते में बल्लभगढ सरकारी स्कूल के पास दो




लड़को ने उसे रोक लिया और उसका मोबाइल फोन व 1800 रुपए छीन लिए। शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने चेतन निवासी आजाद नगर फरीदाबाद व सागर निवासी कुम्हार वाड़ा, मेंन बाजार बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी है और 21-22 नवंबर की रात को जब शिकायतकर्ता बल्लभगढ सरकारी स्कूल के पास पहुंचा तो आरोपी सागर ने शिकायतकर्ता का गला पकड कर जेब से 1800 रुपये निकाल लिये और चेतन ने फोन छीन लिया था। आरोपियों से फोन व 700 रुपए बरामद किये गये हैं। जिनका पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड है। दोनों को जेल भेजा गया है।

### एक दिन में हत्या, अपहरण, स्नैचिंग और शस्त्र अधिनियम के मामलों में

पुलिस ने एक दिन में हत्या, अपहरण, स्नैचिंग और शस्त्र अधिनियम के मामलों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इस दौरान 2 देसी कट्टा बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सतीश निवासी न्यू बसेलवा कॉलोनी को बाईपास रोड पर चाकू से गोदकर कर चालक की हत्या में गिरफ्तार किया गया है।

# स्क्रैप की आड़ में बिहार ले जा रहे थे शराब की खेप, दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो, गुरुग्राम की टीम ने केएमपी पर एक कैंटर से अवैध अंग्रेजी शराब की भारी खेप बरामद कर दो आरोपियों को काबू किया है।

आरोपी स्क्रैप के कट्टों में छुपाकर अवैध शराब की खेप को बिहार ले जा रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है।

हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो की टीम एएसआई संदीप की अगुवाई में केएमपी टोल प्लाजा पंचगांव क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक कैंटर में भारी मात्रा में शराब बिहार ले जाई जा रही है। पुलिस ने नाकाबंदी कर कैंटर को रोका। तलाशी लेने पर कैंटर में भरे स्क्रैप के कट्टों के नीचे दबी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब मिली। टीम ने मौके से 275 पेटी अंग्रेजी शराब व कैंटर बरामद कर कैंटर चालक झज्जर के नवीन उर्फ काला व परिचालक बहादुरगढ़ निवासी सन्नी को गिरफ्तार कर लिया।



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ कालू पुत्र पप्पन पताः वैगावाण्ड यमुना बाजार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 60/2021 धारा 356/379/34 भा.द.स. के तहत** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित उर्फ कालू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित उर्फ कालू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 60/2021 धारा 356/379/34 भा.द.स. के तहत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त रोहित उर्फ कालू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**वैभव गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—11**
**(केन्द्रीय), कमरा नं.138**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/15698/N/2025

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: coemunimpur@gmail.com**

**पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है:

| क० स० | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08.12.2025 से 12.12.2025 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती पर प्रशिक्षण | 10 |

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-8683801977) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-
1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 05.12.2025 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आयें।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 05.12.2025 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की न्युनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/994/2026/40610/88/7 दि. 25.11.2025

## मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का है प्लान

# पीडब्ल्यूडी ने नगर निगम से पुरानी बिल्डिंग तोड़ने के मांगे 17 लाख रु.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में सदर बाजार के डाकखाना के समीप प्रस्तावित मल्टी लेवल पार्किंग की जमीन पर खड़ी पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने गुरुग्राम नगर निगम से 17 लाख रुपये मांगे हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से कहा गया है कि पार्किंग का निर्माण करने के लिए इस बिल्डिंग को तोड़ना होगा, जिससे पहले बिल्डिंग की कीमत का आकलन किया गया है। बता दें कि यह जमीन निगम ने 47 करोड़ रुपये में खरीदी थी, लेकिन विभाग की बिल्डिंग के कारण निर्माण कार्य अटका हुआ था। वर्ष 2019 में निगम ने पार्किंग निर्माण की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जमीन निगम को नहीं मिल पाई।

### सोहना चौक पार्किंग तैयार, टेंडर की मंजूरी का इंतजार



उधर, सोहना चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पूरी तरह तैयार हो चुकी है। नगर निगम इसे जल्द ही लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू करेगा। पार्किंग परिसर के ऊपरी हिस्से में बनाई गई दुकानों को भी लीज पर दिया जाएगा। इससे निगम को राजस्व प्राप्त होगा और पार्किंग के रखरखाव के लिए भी आय का स्रोत बनेगा। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से पार्किंग के रखरखाव और संचालन के टेंडर की मंजूरी मिलने के बाद सोहना चौक पार्किंग चालू कर दी जाएगी।

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार2, बालसमंद रोड से रोहताश सिंह के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण (डी प्लान) + 12 कार्य। | 19.11.2025 03.12.2025 | 450.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8397953040 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पाखल ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में प्रथम तल पर बारात घर में हॉल का निर्माण, एचजीवीवाई। | 20.11.2025 28.11.2025 | 33.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज फतेहाबाद | पीलीमंदौरी – गांव पीलीमंदौरी, ब्लॉक भट्टू कलां जिला फतेहाबाद में गंदा पानी वाला तालाब यूआईडी 01HRFTBBTK0014PILI001 तालाब का कायाकल्प, सी.एम. घोषणा। | 21.11.2025 27.11.2025 | 99.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 4 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक जिले के लिए टैक्सियों को किराये पर लेने की निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 08.12.2025 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262280400 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 5 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक जिले के लिए रिफ्रैशमेंट्स की निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 08.12.2025 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262280400 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 1 हेतु 150 एचपी क्षमता की 8 अदद विद्युत मोटरों की रिवेंडिंग। | बंद होने की तिथि 01.12.2025 | 9.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 0-82100-टेल से शैखुपुरा डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.12.2025 | 10.09 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | आसौदा माइनर के आरडी 6150/आर साइड पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत करना और बहादुरगढ़ माइनर के आरडी 42000 से 44510, आरडी 22687 तक क्षतिग्रस्त वर्टिकल वॉल की मरम्मत और वर्टिकल को ऊपर उठाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.12.2025 | 11.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा | इनवेस्ट हरियाणा पोर्टल के मोबाइल एप्लीकेशन और युनिफाइड सिंगल विंडो सिस्टम वेब पोर्टल के डिजाइन, विकास, क्रियान्वयन और रखरखाव हेतु निविदा। | 27.11.2025 12.12.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://haryanaindustries.gov.in | 9653707000 hepcharyana@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/180/40627/I/88/7 दि. 25.11.25

कैबिनेट मंत्रियों ने अपनी-अपनी विधानसभा में बनाए गए आरोग्य मंदिरों का किया लोकार्पण

# मुफ्त इलाज अब आपके घर के पास, 70 और आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के हर परिवार को घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शक्ति नगर स्थित एमसीडब्ल्यू सेंटर से 70 से अधिक 'आयुष्मान आरोग्य मंदिरों' का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इसे दिल्ली की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया।

इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक एवं सामान्य दवाओं की निशुल्क उपलब्धता, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, जरूरी टीकाकरण कार्यक्रम, बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी परामर्श तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन टेली-परामर्श जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इस कार्यक्रम में मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल सहित अनेक स्थानीय प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक सुविधा सेंटर का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की और स्वास्थ्य कर्मियों से विभिन्न सुविधाओं, उपकरणों तथा सेवाओं के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। ये 70 से अधिक नए केंद्र शहर के उत्तर, मध्य, उत्तर-पश्चिम, शाहदरा, पश्चिम, नई दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम, पूर्व, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण और उत्तर-पूर्व सहित लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं।

### पंकज ने शिव विहार में आरोग्य मंदिर का किया लोकार्पण

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को शिव विहार में नव-स्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि यह लोकार्पण सरकार के उस मिशन को और गति देता है, जिसके तहत हर परिवार को मुफ्त, गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। यह लोकार्पण कार्यक्रम ट्रांजिट कैंप हस्तसाल, एम एंड सीडब्ल्यू सेंटर, शिव विहार (जे.जे. कॉलोनी के पास) में आयोजित हुआ। रेबीज से जुड़े एक प्रश्न पर स्वास्थ्य मंत्री ने पूर्ण तैयारियों का भरोसा दिलाया कि दिल्ली में रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता है। यदि कहीं से कुछ विशेष रिपोर्ट मिलती है, तो हम उसकी तत्काल जांच करेंगे।

### प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली क्षेत्र में तीन आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन

जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करने के लिए, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा, एनडीएमसी काउंसिल के सदस्यों अनिल वाल्मीकि एवं दिनेश प्रताप सिंह और सचिव राकेश कुमार के साथ मंगलवार को नई दिल्ली क्षेत्र में बापू धाम, नेताजी नगर और गोल्फ लिंक में तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर,गोल्फ लिंक का उद्घाटन करने के बाद मंत्री प्रवेश वर्मा ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और सभी मेडिकल स्टाफ से बातचीत की। मंत्री प्रवेश ने कहा कि पिछली डिस्पेंसरियों में लैब टेस्टिंग की सुविधा नहीं थी, लेकिन आज खुलने वाले आयुष्मान आरोग्य केंद्र में अब लैब की सुविधा भी होगी।

### इंद्राज ने सुल्तानपुरी क्षेत्र में दो आरोग्य मंदिरों का किया लोकार्पण

दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को सुल्तानपुरी के सी ब्लॉक एवं एफ ब्लॉक में आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को पुराने डिस्पेंसरियों की तरह नहीं बल्कि मिनी हॉस्पिटल की तर्ज पर विकसित किया गया है। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टर परामर्श, आवश्यक दवाइयां, लैब जांच, मातृ एवं शिशु देखभाल, टीकाकरण, नियमित हेल्थ चेकअप और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर जैसी सभी सुविधाएं सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि सिरसपुर का विशाल नया अस्पताल भी जल्द शुरू होने जा रहा है। वहीं मंत्री ने बताया कि सरकार ने 1400 से अधिक नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नियुक्ति दी है।

वायु प्रदूषण : घर से काम करने का निर्देश

## आदेश को सख्ती से लागू कराएगी जिला स्तर टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के मद्देनजर क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी)को लागू करने के लिए जिला स्तर पर अंतर-विभागीय टीम गठित की गई हैं जो निजी कार्यालयों के लिए घर से काम करने के निर्देशों को क्रियान्वित कराएंगी। यह जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी है।

पर्यावरण विभाग ने सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक के गंभीर श्रेणी में पहुंच जाने के मद्देनजर संशोधित क्रमित प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तृतीय चरण को प्रभावी करते हुए दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों और निजी कार्यालयों को घर से काम करने का निर्देश जारी किया था। पश्चिमी दिल्ली के एक वरिष्ठ राजस्व अधिकारी ने कहा कि हमने प्रदूषण संबंधी आदेशों को लागू करने के लिए राजस्व विभाग, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) सहित अधिकारियों की टीमें पहले ही गठित कर दी हैं। ये टीम यह भी सुनिश्चित करेंगी कि नवीनतम निर्देशों का बिना किसी चूक के पालन हो। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि वे घर से काम करने के आदेश की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए जिलाधिकारियों के साथ समन्वय में काम करेंगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब भी इस प्रकार के सरकारी आदेश जारी होते हैं, तो जिलाधिकारी औपचारिक रूप से हमें आवश्यक प्रवर्तन उपायों के साथ निर्देश देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस निर्देश को लागू करने में जिला प्रशासन को पूरा सहयोग देगी तथा सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किसी भी उल्लंघन के खिलाफ सभी अनिवार्य कानूनी कार्रवाई करेगी। दिल्ली सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में संचालित सभी निजी कार्यालय केवल 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति में संचालित होंगे। शेष कर्मचारियों को 'अनिवार्य रूप से' घर से काम करना होगा।

### रात्रिकालीन सफाई, कम्युनिटी टॉयलेट रखरखाव पर होगा विशेष निरीक्षण : वाही

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्वच्छता को सुदृढ़ करने और लेगेसी वेस्ट प्रबंधन को तेजी देने के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्यमंत्री



रेखा गुप्ता द्वारा निगम को स्वच्छता अभियान को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के निर्देशों के बाद और भी महत्वपूर्ण हो गई है। बैठक में उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह, डेम्स समिति के चेयरमैन संदीप कपूर, एडिशनल कमिश्नर (डेम्स) अरुण मिश्रा, प्रमुख अभियंता तथा डेम्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रवेश वाही ने बताया कि दिल्ली के कई प्रमुख बाजारों और व्यस्त क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। जहां आवश्यकता होगी, वहां नई मशीनों की तैनाती की जाएगी, तथा उन स्थानों की सूची तैयार की जा रही है जहां रात में मशीनों द्वारा सफाई की जाएगी। प्रवेश वाही ने बताया कि निगम अधिकारी नियमित अचानक निरीक्षण करें। महापौर, उपमहापौर, स्थायी समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, डेम्स समिति के चेयरमैन तथा क्षेत्रीय पार्षद अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता और हाइजीन की निगरानी करेंगे।

### भाजपा सरकार प्रदूषण कम करने के बजाय एक्यूआई डेटा में कर रही हेर-फेर : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली का प्रदूषण कम करने के बजाय एक्यूआई डेटा में हेर-फेर कर रही है। अगर दिल्ली की जनता साफ हवा की मांग को लेकर सड़क पर उतर रही है तो भाजपा की पुलिस द्वारा उनको हिरासत में ले लिया जा रहा है, लाठियां बरसाई जा रही हैं। सच तो यह है कि भाजपा सरकार अपनी नैतिकता खो चुकी है। इसे लगता है कि डेटा में फर्जीवाड़ा कर दिल्ली की जनता को बेवकूफ बना लेगी। इसलिए अब प्रदूषण पर बात करनी ही बंद कर दी है। सौरभ ने कहा कि आज दिल्ली के लोग प्रदूषण के खिलाफ अपनी आवाज उठाने से भी डरने लगे हैं। हालात यह है कि लोग वाट्सएस ग्रुप्स पर भी प्रदूषण पर बात करने से डर रहे हैं। क्योंकि वहां भाजपा के लोग उन पर नजर रख रहे हैं। उनको डर है कि अगर वो आवाज उठाएंगे तो किसी न किसी मामले में उन्हें फंसा देंगे। डॉक्टरों का कहना है कि इस साल अस्पताल में ब्रोनकाइटिस, अस्थमा व सांस की बीमारियों के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही तय कर लिया था कि उसे एक्यूआई के डेटा में फर्जीवाड़ा करना है, काम नहीं करना है। सरकार के फर्जीवाड़े के बाद भी एक्यूआई बढ़ रहा है। यह सरकार अपनी नैतिकता खो चुकी है।

### गोपाल राय ने 'आप' के लिए मांगा जनसमर्थन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने अशोक विहार वार्ड-65 व




चांदनी महल वार्ड-76 में सभा कर पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए जन समर्थन मांगा। सभा में मौजूद भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एमसीडी उपचुनाव में दिल्ली की जनता भाजपा सरकार के बुलडोजर को जवाब देगी। सत्ता में आते ही भाजपा ने 'झुग्गी तोड़ो' अभियान शुरू कर दिया, लेकिन जब आप ने सड़क पर उतर कर इसका कड़ा विरोध किया तो उसे पीछे हटना पड़ा। पिछले आठ महीने से दिल्लीवाले चुनाव में भाजपा द्वारा किए गए झूठे वादों का खामियाजा भुगत रहे हैं। इन आठ महीनों में दिल्ली में कोई काम नहीं हुआ। राय ने कहा कि आप की सरकार ने झुग्गियों में रहने वाले पूर्वांचल के भाइयों को बिजली, पानी, सड़क समेत जन सुविधाएं देकर सम्मान दिया, लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने उनके घरों पर बुलडोजर चलाकर उनके सम्मान को रौंदने का काम किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार जाने से दिल्ली की जनता अनाथ नहीं हुई है। आप और अरविंद केजरीवाल आज भी और हमेशा दिल्ली की जनता के हर दुख-सुख में पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार रहे या न रहे, लेकिन जब भी दिल्लीवालों पर कोई संकट या दुख आएगा, आप उनके साथ खड़ी मिलेगी। राय ने कहा कि यह चुनाव केवल एक पार्षद चुनने का नहीं है, बल्कि यह चुनाव इस बात का फैसला करेगा कि दिल्ली में झुग्गीवासियों पर बुलडोजर चलाने वाले जीतेंगे या बुलडोजर को रोकने वाले। पिछले आठ महीनों में भाजपा की सरकार ने पूर्वांचल मूल के लोगों सहित झुग्गीवासियों के घरों पर लगातार बुलडोजर चलाया है। जहां-जहां झुग्गियां तोड़ी गईं, वहां भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए थे।

### फंड के चलते रुके हुए हैं निगम के विकास कार्य : मुकेश

नई दिल्ली। निगम पार्षदों के वार्ड्स में फंड्स की समस्या के चलते कई काम रुक गये थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हमें भरोसा दिलाया है कि जो विकास कार्य रूक गये हैं उनके लिए फंड्स की समस्या नहीं आने दी जायेगी। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता एवं दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने गत दिनों सीएम से हुई मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। मुकेश गोयल ने कहा कि आईवीपी के सभी निगम पार्षद अपने अपने क्षेत्र में जनता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए जी-जान से लगे हुए हैं। सड़क, सफाई और जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अलग अलग कामों के एस्टीमेट बनवाकर संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। जल्दी ही कुछ नये विकास कार्य शुरू कराये जायेंगे।





# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी



को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'

# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों



के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।

***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल जोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** : *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** : *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** : *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** : *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** : *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** : *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## नीतीश कुमार की पहली कैबिनेट में 10 एजेंडों पर मुहर

बिहार कैबिनेट की पहली बैठक में एआई मिशन, चीनी मिल की शुरुआत और नए टाउनशिप समेत 10 एजेंडों पर मुहर लगी। सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास को बढ़ावा देने, चीनी मिल को पुनर्जीवित करने और नए टाउनशिप बनाने की योजनाओं को मंजूरी दी है। इन निर्णयों का उद्देश्य राज्य के विकास को गति देना है।

# एआई मिशन, चीनी मिल व नए टाउनशिप पर फैसला

एजेंसी ▶▶ पटना

राज्य में नए सिरे से बनी नीतीश कुमार की सरकार ने एक साथ कई नई घोषणाएं की हैं। इन घोषणाओं में अगले पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लिए राज्य में उद्योगों का जाल बिछाने के साथ अन्य कई घोषणाएं शामिल हैं।

**बिहार में 25 नई चीनी मिल खोली जाएंगी-** मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इन प्रस्तावों समेत 10 एजेंडे पर मुहर लगी। बैठक के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि बिहार में 25 नई चीनी मिल खोली जाएंगी। पहले से 9 चीनी मिल बंद पडी हैं, उन्हें भी चालू किया जाएगा। बिहार में 11 नए टाउनशिप विकसित किये जाएंगे। इनमें 9 प्रमंडलीय मुख्यालय के अलावा सीतामढ़ी और सोनपुर को शामिल किया गया है। बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी व फिनटेक सिटी की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

इसके तहत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों को परामर्श के रूप में शामिल किया जाएगा। कमेटी 6 माह के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी।




### एक करोड़ नौकरी देने का वादा दोहराया

इससे पहले स्वयं मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, ये शुरू से ही प्राथमिकता रही है। सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। अगले 5 वर्षों (2025-30) में हमलोगों ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए हमलोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। बदलते बिहार के विकास की गति को बल देने हेतु बिहार में प्रौद्योगिकी और सेवा आधारित नवाचारों की न्यू ऐज इकोनॉमी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

**खबर संक्षेप**

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पहुंचे बरसाना



मथुरा। मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का बरसाना आगमन भावनात्मक क्षण का प्रतीक बना। सर्वप्रथम हेलिकॉप्टर द्वारा माता जी गोशाला परिसर में उतरे और गौसेवा कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात रोपवे के माध्यम से श्रीजी मंदिर पहुंचे और राधारानी की चौखट पर नतमस्तक होकर माथा टेका।

### आईडीबीआई के बैंक मैनेजर ने सुसाइड किया

**सहरसा**। जिले के सदर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी स्थित किराए के मकान में रह रहे आईडीबीआई बैंक के प्रबंधक राकेश रौशन ने सुसाइड कर लिया। मामले का पता मंगलवार की सुबह चला। जब पुलिस को और परिजनों को जानकारी दी गई। मृतक का कमरा अंदर से बंद है। मृतक का घर दरभंगा में है। पत्नी और बच्चे शादी में शामिल होने के लिए गोड्डा गए थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## राम मंदिर निर्माण से लेकर रामलला को स्थापित करने तक सर्वस्व न्योछावर किया

# सीएम योगी के संबोधन से संतों की आंखें हुईं नम, धर्म ध्वजा फहराने का भावुक पल

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के ऐतिहासिक समारोह में उस समय मार्मिक दृश्य उपस्थित हुआ जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में उन असंख्य संतों, रामभक्तों और योद्धाओं का स्मरण किया, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर रामलला को स्थापित करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। योगी के शब्दों ने मंच के समक्ष उपस्थित सैकड़ों साधु-संतों की आंखें नम कर दीं। कई महंत अपने गमछों और भगवा वस्त्रों से आंसू पोंछते दिखे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब धर्म ध्वजा फहराई तो पूरा रामजन्मभूमि परिसर "जय श्री राम" के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने जब मंच संभाला तो उन्होंने सबसे पहले मुख्य अतिथि से लेकर उपस्थित रामभक्तों का अभिवादन किया। इसके बाद उन बलिदानियों को याद किया, जिनके बिना यह पल संभव नहीं था।

योगी का यह संबोधन जैसे ही बलिदानियों के नाम पर पहुंचा तो बैठे महंत नृत्यगोपालदास, दशरथ महल पीठाधीश्वर बिंदुगाद्याचार्य देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज, जगद्गुरु अर्जुनद्वाराचार्य पीठाधीश्वर कृपालु रामभूषणदेवाचार्य सहित कई संत भावुक हो गए।

> मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के ऐतिहासिक समारोह में उस समय मार्मिक दृश्य उपस्थित हुआ जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में उन असंख्य संतों, रामभक्तों और योद्धाओं का स्मरण किया, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर रामलला को स्थापित करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। योगी के शब्दों ने मंच के समक्ष उपस्थित सैकड़ों साधु-संतों की आंखें नम कर दीं।

**खास बातें**

- पूरा रामजन्मभूमि परिसर "जय श्री राम" के गगनभेदी नारों से गूंज उठा
- अनगिनत बलिदानों की जीती-जागती तस्वीर बन गया
- 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान व आत्मगौरव का प्रतीक

### संत खुशी और कृतज्ञता के मिले-जुले भाव से सिसकियां लेते दिखे



कुछ संत तो खुशी और कृतज्ञता के मिले-जुले भाव से सिसकियां लेते दिखे। मंच के पास बैठे एक बुजुर्ग संत ने रोते हुए कहा "आज हमारा सपना साकार हो गया, जिन साथियों को गोली लगी, जिन्हें जेल हुई, आज वे जहां कहीं होंगे, प्रसन्न हो रहे होंगे।" पूरा वातावरण भावुकता से सराबोर हो गया। यह दृश्य राम मंदिर आंदोलन की लंबी यात्रा और उसके पीछे छिपे अनगिनत बलिदानों की जीती-जागती तस्वीर बन गया। कृपालु रामभूषणदेवाचार्य ने कहा सनातनियों को इस शुभ दिन का 500 वर्षों से इंतजार था। मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहरते ही हर एक रामभक्त के जीवन का चिर स्वप्न साकार हो गया।

### ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, 'नए युग का शुभारंभ' है

अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज के आरोहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में इस क्षण को 'नए युग का शुभारंभ' बताया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान व आत्मगौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस संघर्ष में योगदान देने वाले सभी संतों, योद्धाओं और श्रीरामभक्तों को नमन किया।

## हरियाणा की धरती पर फिर देश के पीएम का उद्बोधन

# 30 मिनट के भाषण में विकसित भारत का मंत्र और नशे के खिलाफ अलख जगा गए पीएम



योगेंद्र शर्मा ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरा पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। उन्होंने यहां धर्म गुरु श्री तेग बहादुर जी के महान बलिदान को याद किया और बेहद ही मार्मिक उद्बोधन किया। पीएम ने शुरुआत में वाहे गुरुजी का खालसा..वाहे गुरु जी की फतेह के साथ लोगों को जोड़ा और अपने तीस मिनट के उद्बोधन में पीएम ने विकसित भारत का मंत्र दिया, ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और नशे और ड्रग को लेकर गहरी चिंता जाहिर की साथ ही युवाओं को गुरुओं के रास्ते पर चलते हुए इससे दूर रहने की अपील की। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की शाम को कुरुक्षेत्र कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 30 मिनट तक बिना रुके बोले और परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठकर उन्होंने गुरु श्री तेग बहादुर जी के बलिदान के बारे में विस्तार से सुना।

### जो बोले सो निहाल...से शुरुआत

जो बोले सो निहाल के उद्घोष के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष और नायब सिंह सैनी को लोकप्रिय मुख्यमंत्री बोलकर संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री मंड़ल के साथियों मनोहर लाल, कृष्ण पाल, राव इंद्रजीत, एचएसजीपीसी अध्यक्ष जगदीश झींडा के नाम लिए।

बाद में भावुक उद्बोधन के दौरान हरियाणा के लोगों और माटी की प्रशंसा करते हुए अपने अंदाज में इस माटी का आभार जताया। अयोध्या राम मंदिर की धरा पर सुबह के वक्त तो शाम को कुरुक्षेत्र गीता की पावन नगरी के संयोग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दी और कहा कि जिस दिन राम मंदिर का फैसला आया, उस दिन वे करतारपुर साहिब की पावन भूमि पर थे, राम मंदिर की स्थापना को लेकर भगवान से प्रार्थना कर रहे थे।

# चप्पल तोड़ने पर जुर्माना, नहीं चुकाने पर पति-पत्नी की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गुवा थाना क्षेत्र के लिपुंगा गांव में एक मामूली विवाद ने मंगलवार को एक वृद्ध दंपति की जान ले ली। 72 वर्षीय सर्गिया बालमुचू और उनकी पत्नी 65 वर्षीय मुक्ता बालमुचू अपने घर के आंगन में खटिया पर खून से लथपथ मृत पाए गए। सुबह जब ग्रामीणों ने उन्हें सोया समझकर आवाज दी और प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो चादर हटाने पर दोनों की हत्या का भयावह दृश्य सामने आया। दोनों की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की गई थी।

घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। शुरुआती चर्चाओं में ग्रामीणों ने इसे डायन-बिसाही से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन गुवा थाना प्रभारी नीतिश कुमार ने ऐसी सभी आशंकाओं को खारिज कर दिया। पुलिस जांच में पता चला कि हत्या की असली वजह एक पुरानी रंजिश है।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले गांव के युवक जंगम बालमुचू की चप्पल टूट जाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी मामले में रविवार को पंचायत ने वृद्ध दंपति पर पेनल्टी भी लगाई थी। संदेह है कि पेनल्टी न देने और विवाद के बढ़ने पर आरोपियों ने बदला लेते हुए पति-पत्नी की हत्या कर दी।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है। संभावित आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद लिपुंगा गांव में भय, आक्रोश और सन्नाटा छाया हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि इतने छोटे विवाद में दो लोगों की हत्या होना गांव की सामाजिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। पुलिस प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है और लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है।

## सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से झटका

# अंतरिम राहत समाप्त कोर्ट में पेश होना होगा

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा। समन का पालन नहीं करने को लेकर ईडी द्वारा दायर शिकायतवाद पर एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में चल रहे मामले में हाई कोर्ट द्वारा पूर्व में दी गई अंतरिम राहत को समाप्त कर दिया गया है।

जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से समय की मांग की गई तथा अंतरिम राहत को बढ़ाने का आग्रह किया गया। अदालत ने राज्य सरकार के आग्रह को अस्वीकार करते हुए पहले जारी किए गए अंतरिम आदेश को खत्म कर दिया।

गौरतलब है कि ईडी द्वारा मुख्यमंत्री पर समन की अवहेलना का आरोप लगाते हुए दायर शिकायतवाद पर निचली अदालत में मामला दर्ज है। एमपी-एमएलए विशेष अदालत में सुनवाई के दौरान अदालत ने मुख्यमंत्री सोरेन को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था।



अदालत के निर्देश के खिलाफ मुख्यमंत्री सोरेन ने व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की याचिका लगाई थी, लेकिन निचली अदालत ने इसे खारिज कर दिया। इसी आदेश को चुनौती देते हुए मुख्यमंत्री ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी और साथ ही निचली अदालत में लंबित मामले को निरस्त करने की भी मांग की थी। हाई कोर्ट ने उस समय निचली अदालत द्वारा मुख्यमंत्री को उपस्थित होने के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।

## जंगल से निकले तेंदुए ने मचाया कहर

# बकरी चरा रहे युवकों पर किया हमला, 5 घायल

एजेंसी ▶▶ महराजगंज



जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिसलपुर भोथहा में मंगलवार दोपहर एक तेंदुए ने खूब कहर बरपाया। जंगल से निकले तेंदुए ने जंगल किनारे बकरी चराने गए पांच लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इनमें से चार घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मीपुर पहुंचाया गया, जहां से चार की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ग्राम पंचायत रिसलपुर भोथहा निवासी राहुल साहनी (19) दोपहर के समय गांव के सटे जंगल किनारे बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान झाड़ियों से अचानक निकले तेंदुए ने पहले बकरी पर झपट्टा मारा। अगले ही पल राहुल को भी अपनी चपेट में ले लिया। राहुल के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के ही विकास (30), राजकुमार, राजेश और सलमान खान (19) मौके की ओर दौड़े। लेकिन राहुल को बचाने की कोशिश कर रहे इन चारों पर भी तेंदुआ ने हमला कर घायल कर दिया।

## पेज एक का शेष

### बोले-अब मानसिक...

संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख नाम, दलित, वंचित, किन्नर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा- आज सदियों के घाव भर गए हैं। हम देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। यह मानसिकता इतनी हावी हो गई थी कि वर्षों तक भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। ध्वजारोहण से पहले पीएम मोदी ने डॉ. मोहन भागवत के साथ मंदिर की पहली मंजिल पर बने रामदरबार में पूजा और आरती की। इसके बाद रामलला के दर्शन किए। पीएम रामलला के लिए वस्त्र और चंवर लेकर पहुंचे थे। पीएम ने साकेत कॉलेज से रामजन्मभूमि तक डेढ़ किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने काफिले पर फूल बरसाए और जगह-जगह महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### यह ध्वज प्रेरणा ....

में बदलते हैं। यह वही भूमि है, जहां राम ने जीवन शुरू किया। इसी धरती ने बताया कि एक व्यक्ति अपने समाज की शक्ति से कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनता है। जब भगवान यहां से गए तो युवराज राम थे, लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर लौटे। हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बने हैं। विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए ऐसा रथ चाहिए, जिसके पहिये शौर्य और धैर्य हों। ऐसा रथ जिसकी ध्वजा नीति-नीयत से समझौता न करे। ऐसा रथ जिसके घोड़े बल, विवेक, संयम और परोपकार हों।

### 190 साल पहले 1835...

की मानसिकता से मुक्त करना है। मैकाले ने जो सोचा था, उसका प्रभाव व्यापक हुआ। हमें विकार आ गया कि विदेशी चीज अच्छी है, हमारी चीज में खोट है। हर कोने में गुलामी की मानसिकता ने डेरा डाला है। नौसेना के ध्वज पर ऐसे प्रतीक बने थे, जिनका हमारी विरासत से कोई संबंध नहीं था। हमने गुलामी के प्रतीक को हटाया है। हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए कुल नहीं, भक्ति महत्वपूर्ण है। जब देश का हर व्यक्ति सशक्त होता है तो संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास लगता है।

### भागवत बोले- जिन्होंने...

को वहां शांति मिली होगी। उन्होंने अपने प्राण अर्पण किए और अपना पसीना बहाया। जो पीछे रहे, वे भी मन में इच्छा करते रहे कि मंदिर बनेगा और आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई। ध्वजारोहण हो गया हमने इसे अपनी आंखों से देखा है। रथ चलाने के लिए सात-सात घोड़े हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए लगाम है। रस्सा नहीं है, सारथी नहीं है तो ऐसी गाड़ी नहीं चल सकती। शांति बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करना है.. यही विश्व की अपेक्षा है।

### आईएनएच-हरिभूमि के...

उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी अपने पीछे स्नेहिल और समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं। बड़े सुपुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी और पुत्रवधू पूजा द्विवेदी परिवार की सार्वजनिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। छोटे बेटे रवि द्विवेदी और पुत्रवधू कीर्ति द्विवेदी ग्वालियर हाईकोर्ट के जाने-माने वकील हैं। वहीं पुत्री डॉ. राखी और दामाद डॉ. अविनाश शर्मा प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी का जन्म तत्कालीन गुना जिले के ईशागढ़ में हुआ था। उन्होंने ग्वालियर कृषि महाविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की थी। उनका विवाह ग्वालियर के प्रतिष्ठित पटेरिया परिवार की रमाजी से हुआ था। अपने अनुशासन, विनम्रता और परिवार-समाज के प्रति समर्पण के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। आईएनएच-हरिभूमि परिवार उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### ईश्वर शोकाकुल परिवार ....

है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## एसीबी ने सभी नामजद के खिलाफ पीई दर्ज की थी

# जेल में बंद आईएएस विनय चौबे की बढ़ी मुश्किलें एसीबी ने दर्ज किया नया केस, दो दिन की रिमांड

एजेंसी ▶▶ रांची

जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे समेत उनके सात परिजनों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का नया केस दर्ज किया गया है। एसीबी ने अपनी एफआईआर में चौबे के अलावा उनकी पत्नी स्वपना संचिता, ससुर सत्येंद्रनाथ त्रिवेदी, साला शिपिज त्रिवेदी, शिपिज की पत्नी प्रियंका त्रिवेदी, नेक्सजेन के संचालन व विनय कुमार चौबे के सबसे खास सहयोगी विनय कुमार सिंह, विनय की पत्नी स्निग्धा सिंह को आरोपी बनाया है।

एसीबी ने मई माह में विनय चौबे की गिरफ्तारी के बाद सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ पीई दर्ज की थी। छह माह चली पीई जांच के बाद मिले तथ्यों के आधार पर पीसी एक्ट, बीएनएस की संगत धाराओं के तहत अभियुक्त बनाया है।

### आय से 53% अधिक संपत्ति मिली



एसीबी ने विनय चौबे के पूरे सेवाकाल के आय-व्यय की जानकारी खंगाली। इसमें पाया है कि चौबे ने अपनी कुल आय से 53 प्रतिशत अधिक कमाई की। उन्होंने पूरे सेवाकाल में 2.20 करोड़ कमाए, जबकि उनके नियंत्रण वाले खातों में 3.47 करोड़ आए। जांच में एसीबी ने यह भी पाया कि उन्होंने अपनी आय का एक तिहाई भी खर्च नहीं किया। चौबे ने भ्रष्टाचार से हुई आय का निवेश विनय सिंह की कंपनियों में किया, इसके बाद पत्नी के खाते में विनय सिंह से पैसे भी लिए।

### जहां पोस्टिंग, वहां कमीशन की उगाही

एसीबी ने दस्तावेज, बैंक खातों के विवरण और वित्तीय लेनदेन का विश्लेषण किया तो पाया कि चौबे ने पोस्टिंग के दौरान कमीशन की उगाही की, इसके बाद इस राशि का विचलन कर निवेश किया। उनकी अर्जित आय से व्यय अधिक है। बैंक खातों की जांच यह जानकारी मिली कि घेरलू खर्च न के बराबर रहा। नियमित घरेलू खर्चों में आय का महज एक तिहाई खर्च किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद विनय कुमार चौबे को दो दिनों की रिमांड पर लिया है। एसीबी अधिकारियों के मुताबिक, विनय चौबे फिलहाल हजारीबाग वन भूमि और खासमहल जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। जांच एजेंसी विनय चौबे से आय से अधिक संपत्ति मामले में पूछताछ करेगी।

## चिंतन

# राम मंदिर पर फहरी ध्वजा बताती संघर्ष की दास्तां

आखिरकार वो दिन आ ही गया जिसका सदियों से इंतजार था। पांच शताब्दियों के बाद अयोध्या में राम मंदिर संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। यह सब 25 नवंबर के उस खास विवाह पंचमी के दिन हुआ, जिसे त्रेतायुग में भगवान राम और सीता के विवाह दिवस के रूप में जाना जाता है। भगवान राम का जन्म रघुवंश में हुआ था। रघुवंश में ध्वज की परंपरा रही है। भगवान राम के वंश के लिए कोविदारा वृक्ष का प्रतीक झंडा माना जाता है। अब आयोध्या में उसी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पर ध्वजारोहण कर रहे थे, तब पूरा देश न केवल आस्था से सराबोर था बल्कि चौतरफा उल्लास का माहौल भी देखा गया। क्योंकि ये दिन लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आया। 16वीं शताब्दी में मंदिर के ध्वंस से 2024 में मंदिर निर्माण तक हिन्दू समाज और भगवान राम के भक्तों के धैर्य और बलिदान की पूरी दास्तां है। इतिहास बताता है कि 1528 में भारत पर मुगल आक्रमण के दौरान बाबर के सेनापति मीर बाकी ने राम जन्मभूमि पर बने मंदिर को गिराकर मस्जिद का निर्माण करवा दिया। यहीं से शुरू हुआ संघर्ष, जो धर्म, सत्य, इतिहास और अस्तित्व का प्रश्न बन गया। राम भक्तों ने संघर्ष छोड़ा नहीं, हर युग में लड़ाई जारी रही। 1530 से 1857 तक हिन्दू समाज लगातार जन्मभूमि पर पूजा करता रहा। कई लड़ाइयां लड़ी गईं। इसे लेकर हिन्दू–मुस्लिम समुदाय में कई बार इस स्थल पर टकराव हुआ, लेकिन रामभक्त पीछे नहीं हटे। 1857 के बाद ब्रिटिश राज के दौरान अंग्रेजों ने पूजा स्थल पर बैरिकेड लगाकर हिन्दुओं-मुसलमानों के हिस्से अलग किए, लेकिन पूजा और दावे का संघर्ष बदस्तूर जारी रहा। राम भक्त हर हाल में मंदिर के फिर से निर्माण पर अटल रहे। 1949 के दौरान मध्यरात्री में रामलला की प्रतिमा प्रकट हुई। भक्तों की मान्यता है कि रामलला स्वयं प्रकट हुए। इससे हिन्दू आस्था और भी गहरी हो गई, लेकिन स्थल को विवादित मानकर ताला लगा दिया गया। 1986 में कोर्ट के आदेश से हिन्दुओं के लिए ताला खोला गया और यहीं से शुरू हुआ देशव्यापी आंदोलन। 1987 से 1989 के बीच आंदोलन ने नई गति पकड़ी। 1990 में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ दिया। इस यात्रा में नरेंद्र मोदी मुख्य प्रबंधक और रूट समन्वयक की भूमिका में थे। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सबूत, पुरातत्व और इतिहास के आधार पर फैसला सुनाया कि यह स्थल राम जन्मभूमि ही है। यहां मंदिर ही बनेगा। यह फैसला 500 वर्षों की न्यायिक यात्रा का अंत और मंदिर निर्माण का आधिकारिक आरंभ था। 2020 से 2024 तक मंदिर निर्माण का समय था। 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन के बाद मंदिर निर्माण शुरू हुआ। विश्व-स्तरीय मंदिर आकार लेने लगा और और 22 जनवरी 2024 को रामलला प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब ध्वजारोहण के बाद मंदिर निर्माण पूर्ण हो गया। मंदिर की हर ईंट में संघर्ष, बलिदान, आस्था और विजय की कहानी लिखी है और हर ईंट राम के भक्तों में न केवल आस्था बल्कि जोश और उल्लास का नव संचार करती है।

# डॉक्टरों के सफेद कोट पर आतंक का दाग



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

डॉक्टरों को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा जाता है जो लोगों को जिंदगी देते हैं लेकिन जब खुद डॉक्टर ही लोगों की जान लेने लगे तो यह सोचनीय है। बीते 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के नजदीक हुए कार धमाके की साजिश में डॉक्टरों की संलिप्तता ने इस पेशे की साख पर बट्टा लगा दिया है। इस आतंकी घटना की जांच जैसे - जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे चौंकाने वाली बातें सामने आ रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए आतंकी बम ब्लास्ट की साजिश में इक्का-दुक्का नहीं बल्कि दर्जनों डॉक्टरों के शामिल होने की खबरें आ रही है। दिल्ली ब्लास्ट में गिरफ्तार आतंकियों से यह खुलासा हुआ है कि आतंक के डॉक्टरों की साजिश 32 कारों के जरिए देश को दहलाने की थी। इसी दौरान गुजरात के एक डॉक्टर के पास से 'रिसिन' नामक घातक जहरीला रसायन बरामद किया गया जिसका इस्तेमाल देश में लाखों लोगों को मारने के लिए किया जाने वाला था। इन आतंकी डॉक्टरों का नेटवर्क पाकिस्तान और तुर्किया के आतंकवादी संगठनों के साथ था।

दिल्ली में हुए आतंकी धमाके के ठीक एक दिन पहले जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तरप्रदेश के कई शहरों के डॉक्टरों से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए थे। जांच एजेंसियों ने इस 'व्हाइट कॉलर टेरर माड्यूल' में संलिप्त अनेक डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है जो अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। पुलिस ने इस साजिश में संलिप्त महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया है वहीं हरियाणा के रोहतक के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमडी फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रही डॉ. प्रियंका शर्मा को भी पुलिस ने इस मामले में हिरासत में लिया है। जांच में यह बात सामने आई है कि मैडम सर्जन के नाम से पुकारी जाने वाली डॉ. शाहीन लेडी आतंकियों की टीम बनाना चाहती थी और बकायदा उसने इसके लिए लड़कियों की लिस्ट बनाई थी। डॉक्टरों के पास से एके 47 रायफल और पिस्तौल तथा गोला -0बारूद भी बरामद हुआ है।

गौरतलब है कि आतंकी हमले को अंजाम देने वाले और साजिश में शामिल डॉक्टरों के तार फरीदाबाद के अल- फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए हैं।जांच एजेंसियों के घेरे में अल फलाह यूनिवर्सिटी के 200 डॉक्टर और कर्मचारी हैं। इस यूनिवर्सिटी का नाम आज से 18 साल पहले तीन राज्यों में हुए बम ब्लास्ट से जुड़ रहे हैं जो मेडिकल कॉलेज के आड़ में पनप रहे आतंक का बदनुमा दाग है। दिल्ली आतंकी हमले मामले की जांच जैसे - जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे इस आतंकी षड़यंत्र में अन्य डॉक्टरों और मेडिकल स्टुडेंट्स की संलिप्तता भी सामने आ रही है। बहरहाल यह पहली दफा नहीं है जब किसी शिक्षण संस्थान या यूनिवर्सिटी का नाम आतंकवादी या देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ा है। कुछ साल पहले दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी ' जेएनयू ' में राष्ट्र विरोधी नारे तथा आतंकियों के समर्थन में छाती पीटने की घटना घट चुकी है। ऐसे घटनाओं से हमें सबक लेना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब शिक्षा के मंदिरों से देश विरोधी ताकतों को समर्थन मिलने लगेगा।



बहरहाल देश और दुनिया में घटित हो रहे आतंकवादी गतिविधियों में प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर और उच्च शिक्षित लोगों के आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता यह भी बात साबित हो रही है कि अब आतंक सीमापार प्रशिक्षण शिविर या धार्मिक स्थलों से ही संचालित नहीं हो रहा है बल्कि लैपटॉप और स्मार्ट फोन के जरिए यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं का ब्रेनवाश कर रहा है। विचारणीय है कि देश में एक विचारधारा अभिव्यक्ति की आजादी और मानवाधिकार के नाम पर अलगाववादी और माओवादी ताकतों का समर्थन कर रही जिसे सोशल मीडिया के जरिए बढ़ावा मिल रहा है। 'व्हाइट कॉलर टेरर माड्यूल' के तार केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों तक फैले हैं जो दहशतगर्दों की जमात तैयार कर रहे हैं। हालिया घटना में गिरफ्तार डॉक्टरों की बात करें तो इनमें से अनेक डॉक्टर अपने पेशे और पढ़ाई में काफी मेधावी थे। सफेदपोश आतंकवाद के वैश्विक नेटवर्क के इतिहास पर गौर करें तो आतंकी संगठन अलकायदा का संस्थापक अल जवाहिरी की पहचान एक सर्जन और इस्लामिक बुद्धिजीवी के तौर पर थी। इसी कड़ी में खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन के पास इंजीनियरिंग की डिग्री थी तो आतंकी संगठन आईएसआईएस का पूर्व मुखिया अबू बकर बग़दादी स्कॉलर था।

दुनिया भर में आतंकवाद का चेहरा बने संगठन अलकायदा और आईएसआईएस डॉक्टर और इंजीनियर पेशेवरों को शामिल करने के लिए भर्ती अभियान चला रखा है।भारत में दक्षिण कश्मीर कट्टरपंथियों का गढ़ रहा है जहां आतंकी संगठन हिजबुल, लश्कर-ए-तैयबा और जैश ने प्रोफेशनल और उच्च शिक्षित युवाओं को आतंक की राह पकड़ने के लिए उनका 'ब्रेनवॉश' किया। इन कट्टरपंथी संगठनों ने पहले कश्मीर घाटी के स्कूली बच्चों के हाथ पत्थर थमाया फिर अपने नेटवर्क में प्रोफेसर, इंजीनियर, एमबीए, एमफिल और शिक्षकों को शामिल किया। अब इन संगठनों ने ऐसे लोगों को चुना जिनका पहले कोई आतंकी रिकॉर्ड न रहा हो और इस मापदंड में डॉक्टर मुफीद बैठे।आतंकी संगठन में डॉक्टरों को शामिल करने की पीछे अहम मंशा लोगों के बीच इस पेशे के प्रति सम्मान और भरोसा है जिसके चलते कोई डॉक्टर को आतंकी होने पर शक नहीं करेगा और आतंकी अपने मंसूबे पर कामयाब हो जाएंगे।

गौरतलब है कि डॉक्टरी को पवित्र पेशा माना जाता है लेकिन इस बम धमाके ने डॉक्टरों के सफेद कोट के पीछे छिपे आतंकी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। आतंकवादी संगठनों ने समाज में डॉक्टरों के प्रति भरोसे का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए किया वह समूचे चिकित्सा बिरादरी और समाज के लिए चिंताजनक है। भारत में शिक्षक और डॉक्टर की सर्वाधिक सामाजिक प्रतिष्ठा रही है तथा पेशेवर तौर पर इन्हें धार्मिक और जातिगत तौर पर सबसे सहिष्णु माना जाता है। विडंबना है कि देश और दुनिया में बढ़ रहे धार्मिक उन्माद और नफरत के चलते डॉक्टर भी अब मजहबी कट्टरपंथ के चंगुल में फंसकर विवेकशून्य हो रहे हैं जो चिंताजनक है। अलबत्ता भारत में किसी मेडिकल शिक्षा संस्थान और डॉक्टरों के आतंकवादी हिंसा में संलिप्त होने का सनसनीखेज मामला समाज और देश के लिए बहुत बड़ा सवाल पैदा कर रहा है।

अलबत्ता धर्म और जाति के नाम पर बढ़ रही कट्टरता अब कानून और व्यवस्था के साथ ही मानवता के लिए भी खतरा बन रहा है। विचारणीय यह भी कि दिल्ली बम धमाके में शामिल डॉक्टर पढ़ाई में मेधावी थे और उनके सामने एक अच्छा कैरियर था बावजूद उन्होंने आतंकवाद का रास्ता क्यों चुना? अभी तक कट्टरपंथी समूहों के टारगेट पर कम पढ़े-लिखे, बेरोजगार और गरीब किशोर और युवा थे लेकिन अब उनके निशाने पर उच्च शिक्षित युवा हैं। अहम सवाल यह भी कि क्या उच्च शिक्षित युवाओं के बुद्धि पर धार्मिक कट्टरवाद का जूनून इस कदर हावी हो सकता है कि वह अपनी जान देकर हजारों लोगों के जान लेने उतारु हो जाए? इन सवालों का जवाब सभी धर्मों के धर्मगुरुओं, बुद्धिजीवियों, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों को ढूंढना होगा। बहरहाल नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के वर्तमान दौर में डॉक्टरी पेशा पहले से ही दागदार था लेकिन डॉक्टरों के एप्रन पर लगे इस खूनी दाग ने इस पेशे की भरोसे और शुचिता को काफी खंडित किया है जिसकी भरपाई जरुरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## विशेष

प्रो. (डॉ.) भारत



# भारतीय संविधान : राष्ट्रीय जीवन का आधार

भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय जीवन का मुख्य आधार है। 26 नवम्बर 1949 को इसे अंगीकार कर राष्ट्र ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सर्वोपरि स्थान दिया गया। संविधान दिवस, उस ऐतिहासिक क्षण का स्मरण मात्र नहीं है; यह हमारे दायित्वों, उपलब्धियों और चुनौतियों पर पुनर्विचार का अवसर भी है। हमारा संविधान हमारी स्वतंत्रता का संरक्षक और लोकतंत्र का वाहक भी है। भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से लेकर समान अवसरों की आधारशिला तक, संविधान ने नागरिकों को ऐसे अधिकार दिए हैं जो किसी भी जीवंत लोकतंत्र की मूल शर्तें हैं। मौलिक अधिकारों की यह संरचना प्रत्येक व्यक्ति को यह विश्वास दिलाती है कि राज्य उसके साथ न्याय करेगा और उसकी गरिमा की रक्षा करेगा। परंतु यह भी सच है कि अधिकार तभी सार्थक बनते हैं जब नागरिक अपने दायित्वों को समान गंभीरता से निभाएं। भारतीय संविधान ने इस संतुलन को समझते हुए नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को भी उतना ही महत्व दिया है। बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में कर्तव्यों की यह सूची केवल एक नैतिक आग्रह नहीं रही, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त के रूप में उभरी है। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार ही नहीं है, बल्कि निरंतर सहभागिता का दायित्व भी है। आज से लगभग आठ दशक पहले, जब संविधान सभा ने अपना कार्य प्रारम्भ किया, तब भारत अनेक जटिल समस्याओं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझता रहा था। उन परिस्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल सहित सभी महान मनीषियों ने मिलकर एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया, जिसने भारतीय समाज की बुनावट को समझते हुए एक समावेशी ढांचा प्रस्तुत किया। यह संविधान उनकी दृष्टि, संघर्ष और दूरदर्शिता का साक्ष्य है। यह उसी विरासत का परिणाम है कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा और सबसे स्थिर लोकतंत्र है। संविधान दिवस हमें न केवल इन महान आत्माओं का ऋणी होने का एहसास कराता है, बल्कि यह भी प्रेरित करता है कि हम उनकी कल्पना के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण करें। बदलते समय में संविधान की प्रासंगिकता पर एक नजर डालें तो तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संविधान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर अपराध, पर्यावरण संकट और वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे नए मुद्दे हमारे सामने ऐसी चुनौतियां रखते हैं, जिनकी कल्पना संविधान रचयिताओं ने उस रूप में शायद न की हो, परंतु उनकी स्थापित मूल-नीतियां आज भी मार्गदर्शन देती हैं। कर्तव्य हमेशा से ही राष्ट्र निर्माण का मूलाधार रहते हैं। जहां एक और अधिकार व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर कर्तव्य समाज और राष्ट्र को मजबूत करते हैं। आज संविधान दिवस के अवसर पर यह आवश्यक है कि हम कर्तव्यों को केवल कानूनी या नैतिक सूची के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक नागरिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। समाज और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्त्री-पुरुष समानता को प्रोत्साहन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संविधान के आदर्शों का पालन ये मात्र लिखित बिंदु नहीं, बल्कि नागरिकता के वास्तविक मानदंड हैं। लोकतंत्र तभी कायम रहता है जब नागरिक अनुशासित, सजग और सहभागी हों। संविधान दिवस सही मायने में आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। आज जब भारत विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीक के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है, तब संविधान की मूल भावना 'हम भारत के लोग' और भी प्रासंगिक हो उठती है। यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र केवल शासन या सरकार से नहीं, बल्कि नागरिकों के सामूहिक संकल्प से चलता है। आज संविधान दिवस हमें दो प्रश्न पूछने को प्रेरित करता है... क्या हम अपने संवैधानिक अधिकारों का सम्मान और उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं? क्या हम अपने कर्तव्यों को निभाकर राष्ट्र की प्रगति में वास्तविक योगदान दे रहे हैं? यह दिन आत्ममंथन का भी अवसर है, जहां हमें यह स्वीकार करना होगा कि भ्रष्टाचार, असमानता, भीड़-मानसिकता, हिंसा और विभाजनकारी प्रवृत्तियां हमारे लोकतांत्रिक चरित्र को चुनौती देती हैं। संविधान दिवस हमें इन प्रवृत्तियों से सावधान करता है और आदर्शों की ओर पुनः लौटने का आग्रह करता है।

( लेखक कानून के वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवान के चरणों में स्वयं को अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
## दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए। *– मनोज कश्यप, दुर्ग*

## ट्रेंड

### इतिहास रचा गया



श्री राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजारोहण उत्सव का साक्षी बनना ऐसा क्षण है जिसका भारत और दुनिया के करोड़ों लोगों को बेसब्री से इंतज़ार था। अयोध्या में इतिहास रचा गया है और यह हमें प्रभु श्री राम के दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित करेगा।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मंदिर निर्माण का सपना



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्पन्न ध्वजारोहण युगों की तपस्या का पूर्णत्व है। श्रीराम मंदिर निर्माण का वह सपना, जिसे मेरी पूज्या आजी अम्मा राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी ने देखा था, वो आज भव्य सांस्कृतिक पुनर्जागरण बनकर साकार खड़ा है।
- ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### जवाब देने वाला कौन



हर सांस के साथ जीवन बढ़ना चाहिए, घटना नहीं। दिल्ली प्रदूषण की राजधानी बन गया है। एनसीआर के लोगों का जीवन बचाने के लिए भाजपा सरकार क्या रही है, इसका जवाब देने वाला कोई है क्या?
- अखिलेश यादव, सपा नेता

### बलिदान की गाथा



हमारे जीते जी अयोध्या में हमें श्री राम मंदिर पर ध्वजारोहण समारोह देखने का अवसर प्राप्त हुआ। मोदी जी के कांपते हाथ और आंखो में अश्रुओं की हल्की सी धारा हज़ारों लाखो श्रद्धालुओं और राम भक्तों के बलिदान की गाथा कहते हैं। जय हो
- अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# चीन का भारतीय महिला को परेशान करने से इनकार



चीन ने मंगलवार को इन आरोपों को गलत बताया कि अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर परेशान किया गया। चीन ने कहा कि चीनी आव्रजन अधिकारियों ने जो कार्रवाई की, वह कानून और नियमों के मुताबिक थी। ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय नागरिक पेमा वांगजोम थोंगडोक 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। उन्होंने दावा किया कि उनका तीन घंटे का तय ठहराव तब बहुत बुरा हो गया जब आव्रजन वालों ने उनके पासपोर्ट को सिर्फ़ इसलिए "अवैध" घोषित कर दिया क्योंकि उसमें अरुणाचल प्रदेश उनका जन्मस्थान लिखा था। थोंगडोक के साथ हुई इस घटना पर जवाब मांगने पर, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दावा किया कि उक्त महिला के साथ किसी भी तरह के अनिवार्य कदम, हिरासत या उत्पीड़न नहीं हुआ, जैसा कि उसने आरोप लगाया है। माओ ने कहा कि एयरलाइन ने उनके लिए विश्राम, खाने–पीने की व्यवस्था भी की थी। माओ ने कहा, "हमें पता चला कि चीन के सीमा निरीक्षण अधिकारियों ने कानूनों और नियमों के हिसाब से सभी प्रक्रिया पूरी की है और संबंधित व्यक्ति के कानूनी अधिकारों और हितों की पूरी तरह से रक्षा की है।"

## ऑफ बीट

# आपका बैंक पहले ही एआई का इस्तेमाल कर रहा है



दुनिया की पहली ऑटोमेटेड टेलर मशीन या एटीएम को नॉर्थ लंदन में बार्कलेज बैंक की एक ब्रांच में जून 1967 में एक बड़े समारोह में शुरू किया गया था। वह पहला सिस्टम आज के सिस्टम से थोड़ा अलग दिखता था, जिसे हम जानते और इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लगभग छह दशक बाद, ऐसी दुनिया की कल्पना करना मुश्किल है, जहाँ लोग सिर्फ़ बैंकिंग घंटों के दौरान ही नकदी निकाल सकें। अब, ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में, बैंक इस बात पर बड़ा दांव लगा रहे हैं कि एक नए तरह का ऑटोमेशन उनके बिज़नेस मॉडल को बदल देगा और वह है : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। बेंडिगो बैंक ने बताया कि उसने गूगल के साथ कई साल का समझौता किया है। इसके तहत वह टेक कंपनी के जेमिनी एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कई कामों में मदद के लिए करेगा, जिसमें लोन एप्लीकेशन की जांच करना और धोखाधड़ी का पता लगाना शामिल है। यह अगस्त में घोषित कॉमनवेल्थ बैंक और ओपनएआई के बीच एक बड़े करार के बाद हुआ है, जिसका मकसद ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए एडवांस्ड एआई लाना है। अभी, एआई बैंकों और कर्मचारियों की फ़ैसले लेने में मदद कर रहा है। यह धोखाधड़ी और घोटालों की जांच कर रहा है, क्रेडिट स्कोर का पता लगा रहा है, ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट एक्टिविटी में मदद कर रहा है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# 'इलेक्शन कमीशन' अब एक निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है, यह 'बीजेपी कमीशन' बन गई: ममता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा राजनीतिक रूप से मेरा मुकाबला नहीं कर सकती और न ही मुझे हरा सकती है। उन्होंने कहा कि 'इलेक्शन कमीशन' अब एक निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है, यह 'बीजेपी कमीशन' बन गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोंगांव में एक सभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर आरोप लगाए।

बनर्जी ने सवाल किया कि क्या भाजपा शासित राज्यों में एसआईआर का आयोजन यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार स्वीकार करती है कि वहां 'घुसपैठिया' मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मैं बीरभूम में पैदा हुई, वरना मुझे भी बांग्लादेशी कहते। अपने भाषण की शुरुआत में ममता ने हेलीकॉप्टर को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा, ₹मैं हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं करती। मैं कार से चलती हूँ। राज्य सरकार के पास एक हेलीकॉप्टर है। यह किराए पर है। मुझे सुबह 10 बजे यहाँ आना था। सुबह अचानक पता चला कि हेलीकॉप्टर नहीं जाएगा। चुनाव से पहले ही झगड़ा शुरू हो गया था। लेकिन मेरे लिए यह अच्छा रहा। रास्ते में कई जगह घूमा। लोगों से बातें कीं।

उन्होंने दावा किया कि मैंने भाजपा से कहा कि मैं जो खेल खेलूँगी, उसमें मुझे कोई छू नहीं सकता। गलियों में घूमने से मेरा संपर्क और भी लोगों से हुआ है। एसआईआर के बारे में उन्होंने कहा कि एसआईआर कराने में तीन साल लगते हैं। 2002 में भी यही हुआ था। हमने कहा था कि कोई भी वैध मतदाता छूटेगा नहीं। अब नियम बदल रहे हैं। आयोग तय कर रहा है कि सरकार में कौन बैठेगा। चुनाव आयोग को निष्पक्ष होना चाहिए। पहले मुझे आधार कार्ड मिला था। वहाँ सबने पैसे खर्च किए। मुझे भी पैसे खर्च करने पड़े। मेरा आधा घंटा बर्बाद हो गया।

# संसदीय समिति में बोले बृजमोहन: जैविक उर्वरक अब विकल्प नहीं, आवश्यकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश के कृषि भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जैविक उर्वरक अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुके है। यह विचार सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को संसदीय परिसर में जैविक एवं जैव उर्वरकों को बढ़ावा विषय पर केंद्रित रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में रखे। बैठक में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (उर्वरक विभाग) के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। बृजमोहन अग्रवाल ने जैविक उर्वरकों की उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों तक सरलता से सुनिश्चित करने पर बल दिया।

उन्होंने राज्यवार आवश्यकता के अनुसार उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा प्रमाणीकरण प्रक्रिया को तेज़ और किसान-हितैषी बनाने पर जोर दिया। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण के लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने की बात कही और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा महिला स्व-सहायता समूहों को जैविक उर्वरक उत्पादन में जोड़ने का प्रस्ताव रखा।

ब्रजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'केमिकल-फ्री खेती' और 'प्राकृतिक कृषि' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

नीति सुधार, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा किसान-केंद्रित योजनाओं का विस्तार-इन सबने भारत में कृषि परिवर्तन की नई गाथा लिखनी शुरू कर दी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसानों की समृद्धि, मिट्टी की सेहत और कृषि का भविष्य। इन्हीं तीन आधारों पर आधारित यह बैठक ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

## फल और सब्जियों के उत्पादन सहित लगभग सभी बागवानी फसलों में बढ़ोतरी: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वर्ष 2024-25 की बागवानी फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी किए।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही और हमारे किसान भाइयों-बहनों की मेहनत का सुफल परिलक्षित हो रहा है। बागवानी फसल क्षेत्रफल में 4 लाख हेक्टेयर की वृद्धि अनुमानित है, जो गत वर्ष के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 294.88 लाख हेक्टेयर है। उत्पादन में 143.11 लाख टन की वृद्धि अनुमानित है, जो 3547.44 लाख टन से बढ़कर 3690.55 लाख टन अनुमानित है।

शिवराज सिंह ने कहा कि ये वृद्धि किसानों की कड़ी मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों के प्रयास, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई लाभकारी योजनाओं तथा किसान हितैषी नीतियों का सद्परिणाम है, जिसमें बेहतर बीज, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और बाजार तक आसान पहुंच भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि फल व सब्जियों के उत्पादन में खास प्रगति देखी गई है। फल उत्पादन में लगभग 5.12% (57.82 लाख टन) की वृद्धि होकर 1187.60 लाख टन पहुंचने की उम्मीद है, इसमें केला, आम, तरबूज, कटहल, मंदारिन, पपीता, अमरूद अहम योगदान देते हैं। सब्जियों का उत्पादन 4.09% (84.76 लाख टन) बढ़कर 2156.84 लाख टन होने का अनुमान है, विशेषकर प्याज उत्पादन गत वर्ष के 242.67 लाख टन से बढ़कर 307.89 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है, यानी 26.88% की वृद्धि।

आलू उत्पादन में 1.85% की बढ़ोतरी होकर 581.08 लाख टन उत्पादन की उम्मीद है। ज्ञात हो कि वर्ष 2024-25 की बागवानी फसलों के क्षेत्रफल व उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार, सुगंधित और औषधीय पौधों का उत्पादन बढ़कर 7.81 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 7.26 लाख टन था, वहीं मसाला उत्पादन लगभग 125.03 लाख टन अनुमानित है, जिसमें लहसुन, अदरक, हल्दी के उत्पादन में वृद्धि हुई है। गत वर्ष मसालों का उत्पादन 124.84 लाख टन हुआ था।

### प्रधानमंत्री, राज्यपाल प्रो. घोष, मुख्यमंत्री सैनी ने महाभारत अनुभव केंद्र का किया अवलोकन

# प्रधानमंत्री मोदी ने गीता स्थली ज्योतिसर में पंचजन्य स्मारक का किया उद्घाटन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गीता स्थली ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में मंगलवार को महाभारत अनुभव केन्द्र परिसर में भगवान श्री कृष्ण जी के पवित्र शंख पंचजन्य पर आधारित पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया। साथ ही, प्रधानमंत्री ने अनुभव केंद्र का अवलोकन भी किया। इस मौके पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने न्याय और धर्म के साथ खड़े होकर दिव्य पंचजन्य शंख से ही शंखनाद किया था। उन्नत वैदिक शैली के वैदिका पर स्थापित स्वर्णिम शंख पवित्रता, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पंचजन्य भारत के सनातन संदेश धर्म और दिव्य ज्ञान की याद दिलाता है। इस पर श्रीमद्भगवद् गीता के 18 श्लोक अंकित किए गए हैं।

गुरु महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शीश नवाया | गुरु साहिब वीरता, करुणा और धर्म रक्षा की जीवंत मिसाल

**गीता की पावन धरा को नमन किया**



उद्घाटन उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने महाभारत अनुभव केंद्र का अवलोकन किया और गीता की पावन धरा को नमन किया। उन्होंने महाभारत अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, द्रोपदी स्वयंवर, भगवान श्री कृष्ण का विराट स्वरूप, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, कुरुक्षेत्र 48 कोस, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का भी अवलोकन किया।

### पीएम ने मानवता की रक्षा के सर्वोच्च त्याग को किया नमन

इस दौरान मंच पर गुरबाणी का भावपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें रागियों ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और बलिदान को समर्पित शबदों का सुंदर कीर्तन प्रस्तुत किया। इस पीएम ने गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च त्याग को नमन किया।

### गुरु तेग बहादुर की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु तेग बहादुर की बहादुरी को समर्पित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सीएम सैनी उनके साथ मौजूद रहे।

### युवाओं में नशे की लत चिंतनीय

पीएम ने युवाओं के बीच बढ़ती नशे की लत को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार और समाज को खोखला कर रहा है। इस समस्या का समाधान समाज के सामूहिक संकल्प से ही संभव है। पूरा समाज संकल्प ले।

### ऑपरेशन सिंदूर का भी किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत शांति का पुजारी है, हम किसी से बैर नहीं रखते, लेकिन यदि कोई हमारी तरफ बुरी नजर डाले, हमारी संप्रभुता को चुनौती देतो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं।

### गुरु परंपराओं के पवित्र स्थलों को पहचान दिलाने का मिला मौका

पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमने पवित्र स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने और उन्हें सम्मान देने का अवसर मिला। मैं स्वयं को गर्व के साथ गुरु परंपराओं का एक छोटा सा हिस्सा मानता हूं।

**मुगल शासकों ने मानवता पर कलंक छोड़ा**

*मुगल शासकों ने गुरु परिवार के साथ जो क्रूरता की, उसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। चार साहिबजादों – जोरावर सिंह और फतेह सिंह जैसे नन्हें बालकों को जीवित दीवार में चिनवा दिया गया था। यह मानवता पर कलंक था। इन वीर साहिबजादों की शहादत को याद रखने के लिए हमने 26 दिसंबर को पूरे देश में "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।*

### वन कटान से होने वाले पर्यावरण नुकसान से किया खबरदार

# जयराम रमेश का दावा: वनों की कटाई का विरोध कर रहे आदिवासी नेता रामू टेकाम को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मध्य प्रदेश के धीरौली क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। ग्रामीणों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों की आपत्तियों के बीच अब बड़े पैमाने पर जंगल कटाई शुरू होने का दावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर की है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की कटाई रोकने गए मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू टेकाम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित निजी कंपनी के हितों की रक्षा कर रही मप्र सरकार विरोध की हर आवाज़ को दबाने की कोशिश कर रही है।

उल्लेखनीय है राज्य और केंद्र सरकारों से पहले भी शिकायतें उठाई जा चुकी थीं कि कंपनी ने पर्यावरणीय मंजूरी और वन अनुमति से जुड़े प्रक्रियागत नियमों को दरकिनार करते हुए कोयला खदान के लिए जंगल क्षेत्र को साफ करने की तैयारी की है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जयराम रमेश ने भी इस मामले को कई बार उठाया है और अब उन्होंने ताज़ा घटनाक्रम को 'गंभीर पर्यावरणीय अपराध' बताया है। जयराम ने बताया, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने जंगल क्षेत्र की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस बल तैनात कर दिया है और स्थानीय निवासियों को जंगल क्षेत्र के पास आने से रोका जा रहा है। बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है। कटाई स्थल को एक तरह से 'सील' कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह सब कुछ बिना किसी सार्वजनिक सूचना या ग्रामसभा की अनुमति के किया

विदित हो कि धीरौली और आसपास के क्षेत्रों में आदिवासी जनजातियाँ अपनी आजीविका के लिए जंगलों की लकड़ी, औषधीय पौधे, खाद्य सामग्री, छोटे वन उत्पादों पर निर्भर हैं। कोयला खदान परियोजना के कारण इन समुदायों के जीवन, आजीविका और सांस्कृतिक अस्तित्व पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर जंगल कटान से स्थानीय पर्यावरण, जल स्रोत और जैव-विविधता को भी गंभीर नुकसान होगा।

# कांग्रेस का आरोप : गुजरात में हो रही है 'नशे' की तस्करी, राज्य सरकार मूकदर्शक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि गुजरात में भाजपा सरकार के संरक्षण में बड़े पैमाने पर ड्रग्स और शराब की तस्करी हो रही है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने कागजातों के साथ खुलासा किया कि गुजरात में चार साल के दौरान करीब 16,000 करोड़ कीमत की ड्रग्स पकड़ी गई, लेकिन इन मामलों में कोई भी दोषी नहीं पाया गया है। गुजरात में ज्यादातर ड्रग्स अडानी के मुंद्रा पोर्ट से जब्त होती है, लेकिन ड्रग्स को भेजने वाले के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं होती और कोई कार्रवाई भी नहीं होती। देसाई ने यह भी कहा कि गुजरात में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी चल रही है, जबकि वहां शराबबंदी लागू है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और महाराष्ट्र से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि गुजरात के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, करीब 17.35 लाख युवा नशे के चुंगल में फंसे हैं। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के बगल में स्थित शराब और ड्रग्स के ये अवैध अड्डे चिंता का विषय हैं।

उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी और स्थानीय जनता ने स्कूल के बगल में चल रहे ड्रग्स के अड्डे पर छापेमारी की थी। लेकिन गुजरात के उपमुख्यमंत्री, जो कि गृह मंत्री भी हैं, उन्होंने पुलिस को पूरा समर्थन देते हुए कहा कि उनके रहते पुलिस को चिंता करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। देसाई ने कहा कि उपमुख्यमंत्री की भूमिका शराब और ड्रग्स के अवैध अड्डों को बंद करवाने और दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की होनी चाहिए, लेकिन उन्होंने पुलिस को अवैध कारोबार करने वालों को संरक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपमुख्यमंत्री ने पूरे गुजरात की पुलिस को संदेश दिया कि वह कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा के खिलाफ आंदोलन करे।

देसाई ने शासन- प्रशासन की नशा तस्करों के साथ मिलीभगत का पर्दाफाश करते हुए बताया कि गुजरात में हर महीने 3500 करोड़ रुपए का अवैध धंधा चलता है। शराब तस्करी के लिए बड़ी गाड़ियों का लाखों का हफ्ता फिक्स है। जब गाड़ी का मालिक एक जगह पर रिश्वत देता है, तो उसे एक टोकन दिया जाता है, जिससे वह अपना वाहन बाकी जगहों पर भी बिना रोक-टोक ले जा पाता है। देसाई ने यह भी बताया कि पुलिस की सक्रियता दिखाने के लिए 100 ट्रकों में से पांच ट्रकों को पकड़वा दिया जाता है, जबकि 95 ट्रक धड़ल्ले से शराब लेकर घूमते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि केवल बनासकांठा जिले से पुलिस को 45 लाख रुपए की हफ्ता वसूली होती है।

## छग के सीएम साय रेलमंत्री से मिले



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए रेल प्रोजेक्ट्स के संचालन और चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

### दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर-कनेक्ट कार्यक्रम में 3,000 से ज्यादा रोजगार का खुला रास्ता

# छत्तीसगढ़ को मिले 6800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव, युवाओं को मिलेंगे रोजगार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को अभूतपूर्व निवेश प्रस्ताव मिले। स्टील, ऊर्जा और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने राज्य में उद्योग स्थापित करने, क्षमता विस्तार, होटल निर्माण और वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए रुचि दिखाई।

कार्यक्रम में शामिल कंपनियों ने 6321.25 करोड़ के औद्योगिक निवेश और 505 करोड़ का पर्यटन निवेश का प्रस्ताव दिया है। इन परियोजनाओं से आगामी वर्षों में 3,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इस निवेश प्रस्ताव के साथ अब तक छत्तीसगढ़ को कुल 7.90 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। दिल्ली स्थित होटल द ललित में आयोजित कार्यक्रम में स्टील और टूरिज़्म सेक्टर को केंद्र में रखते हुए नए निवेश अवसरों पर



फोकस किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उद्योग जगत के प्रमुख निवेशकों, विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की एवं स्टील और टूरिज़्म सेक्टर की कई कंपनियों को निवेश प्रस्ताव पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे भरोसेमंद, स्थिर और तेज़ी से उभरते हुए औद्योगिक गंतव्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऊर्जा, खनिज, सक्षम मानव संसाधन और निवेशक-हितैषी नीति का ऐसा संयोजन मौजूद है, जो किसी भी उद्योग के लिए अत्यंत उपयुक्त वातावरण तैयार करता है।

उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत अनुमतियाँ अब पहले की तुलना में अधिक तेज़ी और पारदर्शिता के साथ जारी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाना आज पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। राज्य में कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की उपस्थिति बड़े औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्र के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित 'एनर्जी समिट' में राज्य को साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और कई परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। मुख्यमंत्री साय ने स्टील सेक्टर का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का स्टील हब है, जहां भिलाई स्टील प्लांट, नगरनार स्टील प्लांट और एमएसएमई आधारित स्टील इकाइयां राज्य की औद्योगिक पहचान को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा भिलाई स्टील प्लांट पिछले 70 वर्षों से देश की औद्योगिक प्रगति का स्तंभ रहा है और इसकी उपस्थिति ने स्टील आधारित उद्योगों का प्राकृतिक इकोसिस्टम तैयार किया है। ग्रीन स्टील और नवीकरणीय ऊर्जा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य राज्य के लिए नए अवसर लेकर आया है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। टूरिज़्म सेक्टर पर बात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर आज बहुत बदल रहा है। नक्सल हिंसा में कमी आई है, सड़कें, इंटरनेट और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि बस्तर अब निवेश और पर्यटन दोनों का नया केंद्र बन रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 26 मार्च 2026 तक बस्तर पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है और राज्य सरकार होम-स्टे नीति, ट्राइबल टूरिज्म व सस्टेनेबल टूरिज्म पर फोकस कर रही है।

### छत्तीसगढ़ को मिले प्रमुख निवेश प्रस्ताव

- ग्रीन एनर्जी इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कचरे से बिजली उत्पादन करने वाले 50 मेगावॉट के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए 3,769 करोड़ का निवेश प्रस्तावित किया है, जिससे 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कचरा प्रबंधन,स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।
- आरती कोटेड स्टील द्वारा 315 करोड़ निवेश प्रस्ताव दिया गया है, एवं 550 रोजगार सृजन की संभावना है।
- एसडीआरएम मेटैलिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्टील प्लांट एवं पावर यूनिट के लिए 195.75 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया है, जिससे रोजगार 492 रोजगार सृजन की संभावना है।
- आरएसएलडी बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ द्वारा इथेनॉल प्लांट हेतु 200 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया है, एवं 213 रोजगार सृजन की संभावना है।
- जेके लक्ष्मी सीमेंट, राजस्थान द्वारा क्षमता विस्तार हेतु 1816.5 करोड़ निवेश प्रस्ताव, 110 रोजगार सृजन की संभावना है।

**पर्यटन क्षेत्र में मिले 505 करोड़ के निवेश प्रस्ताव**

- मार्स विवान प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा 217 कमरों वाले होटल के लिए 220 करोड़ निवेश इससे 522 लोगों को रोजगार प्राप्त होगी।
- हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट, तेलंगाना द्वारा वेलनेस रिसॉर्ट एवं शिक्षा केंद्र हेतु 200 करोड़ निवेश
- विद्या इन, जशपुर द्वारा 52 कमरों के होटल हेतु 25 करोड़ निवेश
- पीएसए रिजॉर्ट, जगदलपुर द्वारा 150 कमरों के एडवेंचर होटल एवं रिसॉर्ट हेतु 60 करोड़ निवेश, जिससे बस्तर में पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### एईआईएम रायपुर सुविधा केंद्र में निवेश बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एईआईएम ने कहा कि वह वर्ष 2030 तक रायपुर में मौजूद अपनी सुविधा केंद्र में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि उसे छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में कोसला इंडस्ट्रियल पार्क में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) से अपनी सेमीकंडक्टर सामग्री विनिर्माण सुविधा केंद्र लगाने के लिए 11.28 एकड़ प्रमुख औद्योगिक जमीन दी गई है।

### देश की 93 फीसदी कंपनियों का एआई पर भरोसा बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों में कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर भरोसा लगातार बढ़ रहा है और 93 प्रतिशत संगठनों को एआई निवेश से तीन साल से कम समय में सकारात्मक रिटर्न मिलने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। जर्मन सॉफ्टवेयर एवं व्यवसाय समाधान प्रदाता एसएपी (सैप) की 'वैल्यू ऑफ एआई रिपोर्ट 2025'' को ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

### सेबी ने फ्रैक्टल, अमागी मीडिया के निर्गम को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स, सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी अमागी मीडिया लैब्स और स्टेंट विनिर्माता सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर डाले गए दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# 22 साल बाद टाटा की 'सिएरा' लांच, शुरूआती कीमत 11.49 लाख से शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपनी आइकॉनिक एसयूवी सिएरा को एक बार फिर नए मॉडर्न और हाई-टेक अवतार में लांच कर दिया। 2025 टाटा सिएरा न सिर्फ भविष्य की डिजाइन भाषा दिखाती है, बल्कि इसमें ऐसे फीचर्स भी दिए गए हैं, जो टाटा हैरियर से एक कदम आगे हैं। आकर्षक लुक और दमदार इंजन से लैस इस एसयूवी की शुरुआती कीमत 11.49 लाख रुपए, (एक्स-शोरूम) तय की गई है।

कंपनी ने इसे इंट्रोडक्ट्री प्राइस के साथ लांच किया है, यानी भविष्य में इसकी कीमत में इजाफा होगा। कंपनी का कहना है कि, इसकी बुकिंग आगामी 16 दिसंबर से शुरू होंगी और एसयूवी की डिलीवरी 15 जनवरी 2026 से शुरू की जाएगी।

## टाटा मोटर्स अपनी आइकॉनिक एसयूवी सिएरा 15 जनवरी 2026 से करेगी डिलेवर

### पहले की सिएरा के लिए देश तैयार नहीं था

साल 2003 आते-आते इसे डिस्कंटीन्यू कर दिया गया। कहा जाता है कि, ये एसयूवी अपने समय से कहीं आगे थी। टाटा मोटर्स के सीईओ शैलेश चंद्रा ने भी लांच इवेंट के दौरान कहा कि, 'अब इंडिया टाटा सिएरा के लिए तैयार है। ये महज एक एसयूवी नहीं बल्कि एक लीजेंड की वापसी है, जो मॉडर्न तकनीक के साथ फिर से बाजार में एंट्री करने जा रही है।'

### दो एक्स्ट्रा स्पीकर + साउंडबार

दोनों एसयूवी में जेबीएल का प्रीमियम साउंड सिस्टम मिलता है, लेकिन सिएरा इसमें भी आगे है। सिएरा में 12 स्पीकर + साउंडबार मिलते हैं। इस हैरियर में 10 स्पीकर मिलते हैं। इसमें क्लाइमेट कंट्रोल पैनल के ऊपर लगा साउंडबार केबिन का ऑडियो क्वॉलिटी और भी थिएटर-जैसा बना देता है।




### लुक और डिज़ाइन

नई टाटा सिएरा का स्टांस दमदार और ऊँचा है, जो इसे सड़क पर एक प्रीमियम और पावरफुल लुक देता है। फ्रंट में एलईडी डीआरएल पूरी चौड़ाई में फैला हुआ है, जबकि ग्रिल को क्लोज्ड रखा गया है जिस पर टाटा का लोगो उभरकर दिखता है। हेडलाइट्स नीचे की ओर लगाए गए हैं और सिल्वर फिनिश वाले स्किड प्लेट के साथ फ्रंट प्रोफाइल को एक एडवेंचरस टच देते हैं।

टाटा सिएरा को कंपनी ने पहली बार 1991 में लांच किया था। स्टाइलिश लुक, कर्व्ड ग्लॉस बॉडी, पावरफुल इंजन के साथ आने वाली सिएरा के लिए उस वक्त शायद भारत तैयार नहीं था।

### ट्रिपल-स्क्रीन सेटअप

2025 सिएरा का सबसे बड़ा हाइलाइट है। इसमें 3-स्क्रीन वाला डैशबोर्ड लेआउट मिलता है, जिसमें एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, सेंटर में बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट और को-ड्राइवर के लिए एक अलग स्क्रीन शामिल हैं। वहीं, टाटा हैरियर में सिर्फ डुअल-स्क्रीन सेटअप मिलता है। इसमें 12.3-इंच का टचस्क्रीन और 10.25-इंच का डिजिटल क्लस्टर मिलता है। नई सिएरा में टाटा का नया यूआई दिया जाएगा, जो पहले से ज्यादा तेज, स्मूद और मॉडर्न होगा।

## वैश्विक वृद्धि और अमेरिकी शुल्क वृद्धि के प्रभाव को देख बढ़ाया अनुमान

# इंडिया रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया सात प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। जून तिमाही में उच्च वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कम प्रभाव को देखते हुए यह अनुमान बढ़ाया गया है। इंडिया रेटिंग्स के बयान के अनुसार, उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह उसके पिछले अनुमान 6.3 प्रतिशत (जुलाई, 2025 में जारी) से 0.7 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है।

- वित्त वर्ष 2025–26 में जीडीपी सालाना आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी

**कम मुद्रास्फीति के कारण जीडीपी में होगी वृद्धि:** इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने और कम मुद्रास्फीति के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी जो बीते वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत थी।




### शुल्क युद्ध व पूंजी निकासी प्रमुख जोखिम

आर्थिक वृद्धि अनुमान में तीव्र वृद्धि के दो प्रमुख कारण हैं। जून तिमाही में अपेक्षा से अधिक तीव्र जीडीपी वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि का प्रभाव पहले के अनुमान से कम होना है। इंडिया रेटिंग्स ने जुलाई में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था और इसके लिए शुल्क युद्ध और किसी भी पूंजी निकासी के प्रमुख जोखिम को जिम्मेदार ठहराया था।

### मांग में सुधार कमजोर रहा तो आ सकती है गिरावट

रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 की वृद्धि दर के लिए जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। एजेंसी ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में तेजी और सर्दियों के महीनों में अनुकूल मौसम की स्थिति जीडीपी वृद्धि को सात प्रतिशत से ऊपर ले जाने की क्षमता रखती है। हालांकि, अगर मांग में सुधार (उपभोग और निवेश) अपेक्षा से कमजोर रहा, तो इससे जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट आ सकती है।''

### वैश्विक परिदृश्यों में बदलाव आया

इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि जुलाई, 2025 में उसके अंतिम अनुमान के बाद से घरेलू और वैश्विक दोनों परिदृश्यों में काफी बदलाव आया है। अमेरिका के सभी देशों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि के कारण अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य प्रमुख बाधाएं हैं। भारत पर अगस्त, 2025 से जो शुल्क लगाया गया है, वह सबसे अधिक में से एक है।

### आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा

भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जो पांच तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई में आई है कमी

रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त मामलों के प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा कि जुलाई के अनुमान के बाद से आर्थिक परिस्थितियां काफी अनुकूल हुई हैं। इनमें उम्मीद से अधिक तेजी से मुद्रास्फीति में गिरावट, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक मजदूरी दर में वृद्धि और जीएसटी को युक्तिसंगत बनाना शामिल हैं।

## बजाज ऑटो ई-रिक्शा 'रिकी' की मौजूदगी 200 शहरों तक बढ़ाएगी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो लिमिटेड ने इस साल 'रिकी' के साथ ई-रिक्शा खंड में कदम रखा है। कंपनी का इरादा अगले साल जनवरी से मार्च तक 'रिकी' की मौजूदगी 200 शहरों तक पहुंचाने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बताया, ''कंपनी ने चार शहरों के साथ रिकी का पायलट परीक्षण शुरू किया था। अब चरण एक के तहत कंपनी ने अपनी मौजूदगी आठ शहरों तक कर दी है।'' रिकी के पूरे भारत में विस्तार की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, हमने इसे चार शहरों में इसे पेश किया है। अब यह पटना, मुरादाबाद, गुवाहाटी और रायपुर समेत आठ शहरों तक पहुंच गया है।

- कंपनी ने इस साल रिकी के साथ ई रिक्शा खंड में कदम रखा

### छत्तीसगढ़, मप्र में पहले चरण का विस्तार

*रिकी के अपने पहले चरण के विस्तार के तहत बजाज ऑटो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम के कई शहरों और कस्बों को लक्षित कर रही है। शर्मा ने दावा किया कि 1.9 लाख रुपये की कीमत वाला रिकी मौजूदा लेड-एसिड बैटरी से चलने वाले ई-रिक्शा की तुलना में ज़्यादा सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।*

### सिद्धार्थ गुप्ता बने सीईओ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा कंपनी 'यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड' ने मंगलवार को अपने नेतृत्व में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत कंपनी ने सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव श्रृंगी को निदेशक मंडल में कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है।

# सोना 3,500 रुपये उछला और चांदी में 5,800 रुपये की तेजी

## त्योहारी मांग से सोना 1.28 लाख रुपए पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शादी-विवाह के मौसम की मांग के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की ताजा खरीदारी के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

- चांदी बढ़कर पहुंची 1,60,800 रुपए प्रति किलो

सराफा में तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गयी। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी लिवाली देखी गई। यह 5,800 रुपये बढ़कर 1,60,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गई। व्यापारियों ने कहा कि शादियों के मौसम के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ी है। विश्व की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर से भी सुरक्षित निवेश वाले विकल्पों की मांग बढ़ी है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस, सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में बढ़त दर्ज हुई, जिसकी वजह कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम टिप्पणियों के बाद दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदें थीं।''




### विदेशी बाजार में सोना हाजिर टूटा


*विदेशी बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.09 प्रतिशत टूटकर 4,131.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि हाजिर चांदी 0.40 प्रतिशत टूटकर 51.15 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

# विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 314 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 75 अंक की गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 313.70 अंक टूटकर 84,587.01 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 363.98 अंक तक नीचे आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे। निफ्टी 74.70 अंक की गिरावट के साथ 25,884.80 अंक पर आ गया। शुक्रवार से अब तक तीन सत्रों में निफ्टी 307 अंक यानी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 26,000 अंक के नीचे आ गया है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स 1,045 अंक यानी 1.2 प्रतिशत लुढ़का है।

- निफ्टी में भी 75 अंकों की आई गिरावट



### एशियन पेंट्स ने बीसीसीआई को बनाया पार्टनर



**मुंबई।** दशकों से भारतीय घरों में रंगों, रचनात्मकता और भावनाओं को सेलिब्रेट करने वाले एक ब्रांड के रूप में, एशियन पेंट्स अब देश के सबसे बड़े जुनून 'क्रिकेट' से जुड़ रहा है और अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। यह प्रभावशाली सहयोग रंग और क्रिकेट से जुड़ी भावना पर आधारित है जिसमें प्रेरणा और अभिव्यक्ति दोनों ही है और यही भाव पूरे भारत के फैन्स को एकजुट करता है। एशियन पेंट्स और इंडियन क्रिकेट दोनों ही सच्चे लीडरशिप का प्रतीक हैं क्योंकि दोनों ही अपने साहसिक निर्णयों और वाइब्रेंट एक्सप्रेशन के लिए जाने जाते हैं। यह मजबूत साझेदारी अरबों दिलों को जोड़नेवाले रंगों को सेलिब्रेट करती है।

# सीआईएसएफ ने कबड्डी टीम को दूसरा विश्व कप जीतने पर बधाई दी



**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ ने भारतीय महिला कबड्डी टीम को 24.11.2025 को ढाका में लगातार दूसरा विश्व कप जीतने पर बधाई दी। अजेय कौशल, गिट और दृढ़ संकल्प के साथ, टीम ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। हम एचसी ऋतु पर गर्व है जिन्होंने विजयी टीम में शामिल होकर इस शानदार उपलब्धि में योगदान दिया। चरखी दादरी, हरियाणा के छोटे से गांव ककरोली हट्टी की रहने वाली लेडी हेड कॉन्स्टेबल ऋतु ने अडिग संकल्प और अथक प्रयास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सीआईएसएफ अपने कार्मिकों को खेलों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभा को बढ़ावा देने और ड्यूटी से परे उत्कृष्टता को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें लॉगिस्टिक्स और कोचिंग प्रदान करना शामिल है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में राव तुलाराम पार्क में झज्जर बादली रोड चौक पर चौक का निर्माण + 17 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | रु. 1,63,69,923/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40614/I/88/7 दि. 25.11.25

## शब्द पहेली - 6059




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट-डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 6058 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| य | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |



# हार्दिक की वापसी, आईपीएल नीलामी से पहले घरेलू खिलाड़ियों को चमकने का मौका

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

चोट के बाद वापसी कर रहे हार्दिक पंड्या पर बुधवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में सभी की नजरें होंगी जबकि प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर आईपीएल की नीलामी से पहले अच्छा प्रदर्शन करके ध्यान खींचना चाहेंगे।

हार्दिक ने सितंबर में एशिया कप के दौरान चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। फरवरी मार्च में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक सिर्फ टी20 प्रारुप ही खेलेंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 दिसंबर से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का उनके पास यह टूर्नामेंट ही एक मौका है। टूर्नामेंट हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेला जाएगा।

- आज से शुरू हो रहा सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट
- हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेले जाएंगे मैच




### सूर्यकुमार खेलेंगे मुंबई के लिए ग्रुप मैच

शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। बड़ौदा की टीम 8 दिसंबर तक सात ग्रुप मैच खेलेगी और मुख्य कोच मुकुंद परमार को पंड्या के अधिकांश मैचों में खेलने की उम्मीद है। परमार ने कहा, 'वह अभी टीम से जुड़ा नहीं है लेकिन हमें उम्मीद है कि वह अधिकांश मैच खेलेगा। उसकी मौजूदगी से टीम का मनोबल बढेगा।' कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई के लिए अधिकांश ग्रुप मैच खेलेंगे। शिवम दुबे भी मुंबई टीम का हिस्सा है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को तमिलनाडु का कप्तान बनाया गया है, जो ग्रुप चरण में खेलेंगे। केरल के कप्तान संजू सैमसन भी ग्रुप चरण में नजर आएंगे।

### बेहतर प्रदर्शन पर पराग और अय्यर की नजरें

एक समय भारतीय क्रिकेट में भविष्य का सितारा माने जा रहे पृथ्वी साव को पिछले साल नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। अब वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए नहीं बल्कि महाराष्ट्र के लिए खेलते हैं।वह भी अच्छा प्रदर्शन करके वापसी का दावा ठोकना चाहेंगे। नीतिश राणा दिल्ली की कप्तानी करेंगे। असम के कप्तान रियान पराग और मध्यप्रदेश के वेंकटेश अय्यर की नजरें भी बेहतर प्रदर्शन पर होंगी। अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है।

## टी20 विश्वकप 2026 का ऐलान

# भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित टी20 विश्व कप 2026 का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा, जो इस साल के एशिया कप के गरमागरम मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत होगी। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे, जिसमें 20 टीमें भाग लेंगी और टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित रहेगा। भारत और पाकिस्तान अगले साल 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में आमने-सामने होंगे। टूर्नामेंट के कार्यक्रम के अनुसार, जिसका अनावरण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को मुंबई में करेगी। इस साल के एशिया कप के दौरान भारत के जीते गए तीन गरमागरम मैचों के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में मैदान के अंदर और बाहर काफी विवाद भी देखने को मिला था। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा और भारत का तीसरा मैच होगा। भारत और पाकिस्तान को अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप में रखा गया है।

### भारत का पहला मैच 7 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ

भारत अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट के पहले दिन 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 'मेन इन ब्लू' 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के लिए दिल्ली रवाना होगा। टूर्नामेंट का 2026 संस्करण 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो या कैंडी में खेलेगा। टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित है, जिसमें 20 टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में पाँच टीमें होंगी। भारत गत चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में 2024 संस्करण के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

### फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा

प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहाँ टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। यदि भारत सुपर आठ चरण में पहुंचता है, तो उसके तीन सुपर आठ मुकाबले अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो उसका सेमीफाइनल मुंबई में होगा। अन्य सेमीफाइनल स्थान कोलंबो या कोलकाता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान या श्रीलंका क्वालीफाई करते हैं या नहीं। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। लेकिन यदि पाकिस्तान खिताबी मुकाबले में पहुँचता है, तो इसे कोलंबो में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

### भारत और श्रीलंका के अलावा, 18 टीमें

अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, जिम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात।

## खबर संक्षेप



### नागल ने झांग को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेंगडू।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के मिंगुइ झांग को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन एशिया पेसीफिक वाइल्ड कार्ड प्लेआफ के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने 2-6, 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। नवंबर 24 से 29 तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई ओपन 2026 के मुख्य ड्रॉ के लिए पुरुष और महिला एकल विजेता को वाइल्ड कार्ड मिलेंगे। नागल को शुरूआत में चीन का वीजा लेने में दिक्कत आई। उनका आवेदन खारिज होने के बाद उन्हें चीनी अधिकारियों से सार्वजनिक तौर पर अपील करनी पड़ी। बाद में मसला सुलझने पर वह यहां आ सके। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त बू युंचाओकेते और जिजियांग यांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### रोहित को 2026 टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी ब्रांड दूत घोषित किया गया

**मुंबई (भाषा)।** भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा को भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को टूर्नामेंट दूत नियुक्त किया गया। रोहित की कप्तानी में भारत ने 2024 में हुए पिछले टी20 विश्व



कप का खिताब जीता था। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 32.01 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए। आईसीसी अध्यक्ष जय शर्मा ने यहां टूर्नामेंट के कार्यक्रम का अनावरण करते हुए यह घोषणा की। रोहित ने पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हुए विश्व कप में भारत की जीत के बाद खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारत ने तब 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। शाह ने कहा कि अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान आठ स्थल (भारत के पांच और श्रीलंका के तीन) मैचों की मेजबानी करेंगे।

### भारत की मेजबानी हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, फैसला आज




**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी अधिकार हासिल करने को लेकर आश्वस्त भारत की बोली को ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा में औपचारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी, जो देश की वैश्विक बहु-खेल केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी योजना में मील का पत्थर साबित होगा। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है। आम सभा में राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड की सिफारिशों पर मुहर लगाने की औपचारिकता पूरी की जाएगी।

## साउथ अफ्रीका ने 260/5 के स्कोर पर घोषित की दूसरी पारी, भारत के 27/2

# भारत के खिलाफ इतिहास में 5वीं बार 500 से ज्यादा की बढ़त, मिला 549 रन का मुश्किल लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

जिस पिच की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल प्रवृत्ति का दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया ,उस पर भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी जूझते हुए नजर आए, जिससे उनकी टीम पर दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बड़ी हार का खतरा मंडराने लग गया है। दो मैच की श्रृंखला में पहले ही पीछे चल रहे भारत ने 549 रन के लगभग असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 15.5 ओवर में दो विकेट पर 27 रन बनाए हैं और लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए उसे अब 522 रन की जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 5वीं बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ 500 से ज्यादा रन की बढ़त हासिल की। जबकि 2006 कराची टेस्ट में पाकिस्तान के बाद यह पहली बार है।

### स्टब्स ने खेली शानदार पारी

दक्षिण अफ्रीका में इससे पहले अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की। उसका आकर्षण ट्रिस्टन स्टब्स की पारी रही। इस युवा बल्लेबाज ने 180 गेंद का सामना करके 94 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (68 गेंद पर 49) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन और वियान मुल्डर (69 गेंद पर नाबाद 35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत 201 रन ही बना पाया था।




### साउथ अफ्रीका की बढ़त

मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने 260 रन और बनाकर अपनी बढ़त को बढ़ा दिया। साउथ अफ्रीका ने 26/0 से आगे खेलते हुए चौथे दिन के खेल की शुरुआत की। रयान रिकेल्टन और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी के बीच 59 रन की पार्टनरशपि हुई। रवींद्र जडेजा ने रिकेल्टन को सिराज के हाथों कैच आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ दिया। वो 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जडेजा ने मार्करम की पारी को 29 रन पर रोक दिया। फिर वाशिंगटन सुंदर ने कप्तान टेंबा बवुमा को तीन पर आउट करके साउथ अफ्रीका को 77 रन पर तीन झटके दे दिए।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489
भारत पहली पारी: 201

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का सिराज बो जडेजा | 35 | 64 | 4 | 0 |
| मारक्रम बो जडेजा | 29 | 84 | 3 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 94 | 180 | 9 | 1 |
| बावुमा का रेड्डी बो वाशिंगटन | 03 | 11 | 0 | 0 |
| जॉर्जी पगबाधा बो जडेजा | 49 | 68 | 4 | 1 |
| वियान मुल्डर नाबाद | 35 | 69 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 15, कुल: 78.3 ओवर में 260/5 रन पर पारी घोषित
गेंदबाजी: बुमराह 6-0-22-0, सिराज 5-1-19-0, जडेजा 28.3-3-62-4, कुलदीप 12-0-48-0, वाशिंगटन 22-2-67-1, जायसवाल 1-0-9-0, रेड्डी 4-0-24-0

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन बो यानसेन | 13 | 19 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 06 | 30 | 0 | 0 |
| सुदर्शन खेल रहे हैं | 02 | 25 | 0 | 0 |
| यादव खेल रहे हैं | 04 | 22 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 15.5 ओवर में दो विकेट पर: 27 रन
गेंदबाजी: यानसेन 5-2-14-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 3.5-2-1-1, महाराज 3-1-5-0

### भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती

भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती है लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसके दोनों सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13) और केएल राहुल (06) दस ओवर और 21 रन के अंदर पवेलियन में विराजमान थे। जायसवाल ने पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन की तेजी से उठती गेंद पर कट करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दिया जबकि राहुल ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर पूरी तरह से गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। दिन का खेल समाप्त होने के समय साई सुदर्शन दो और नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव चार रन पर खेल रहे थे। पिच पर दरार पड़ गई हैं, जिससे स्पिन गेंदबाजों को टर्न मिलना शुरू हो गया है। ऐसे में अगर भारत हार्मर एंड कंपनी के सामने मैच बचाने में सफल रहता है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

### जडेजा ने बनाया रिकॉर्ड

रवींद्र जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इतिहास रच दिया है। वह अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। गुवाहाटी में चौथे दिन के खेल के सुबह के सेशन में दो विकेट लेकर जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अपने विकेटों की संख्या 50 तक पहुंचा दी। वह कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह और अश्विन के बाद पांचवे ऐसे भारतीय बॉलर हैं, जिन्होंने टेस्ट में कम से कम 50 साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को आउट किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ जडेजा का 11वां टेस्ट है और 19 पारी में उन्होंने अब तक 50 विकेट लिए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड कुंबले के नाम है। अपने 18 साल के टेस्ट करियर में महान स्पिनर ने प्रोटियाज के खिलाफ 21 टेस्ट खेले और 84 बल्लेबाजों को आउट किया। उनके बाद 13 मैचों में 64 विकेट के साथ जवागल श्रीनाथ दूसरे नंबर पर, हरभजन सिंह 11 मैचों में 60 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर और आर अश्वनि 14 मैचों में 57 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# सैयद मोदी इंटरनेशनल : मलेशिया की जोड़ी को हराकर गायत्री-त्रीशा दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे। त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली, जिससे भारत बी ने 11 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से उजेइरुल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया।




### दिल्ली 27-28 तीन गुणा तीन अखिल भारतीय बास्केटबॉल स्पर्धा की मेजबानी करेगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में 27 और 28 दिसंबर को तीन गुणा तीन अखिल भारतीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी, जिसमें रिकॉर्ड 80 टीमें (50 पुरुष और 30 महिला टीमें) खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी और प्रख्यात खेल प्रशासक स्वर्गीय हरीश शर्मा की स्मृति में हो रहा है। दिल्ली बास्केटबॉल संघ (डीबीए) से संबद्ध पृथ्वी नाथ क्लब (पीएनसी) इस चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है, जबकि डीबीए भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) के तत्वावधान में इसकी मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण 12 दिसंबर तक खुले हैं।

# भारत बी ने अफगानिस्तान को हराया, त्रिवेदी ने जड़ा अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे।

त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली, जिससे भारत बी ने 11 गेंद




शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए।

अफगानिस्तान की ओर से उजेइरुल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। उजेइरुल्लाह ने उस पर मोर्चा संभाला जब अफगानिस्तान की टीम 25वें ओवर में 78 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

## गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग की नीलामी

# दीप्ति, क्रांति और चरणी पर बरस सकती है बड़ी धनराशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉरा वोलवार्ट और भारत की विश्व कप में जीत की नायिका दीप्ति शर्मा सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे जबकि घरेलू खिलाड़ी क्रांति गौड़ और श्री चरणी को भी मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद है।

कुल 277 खिलाड़ी (194 भारतीय और 83 विदेशी) पहली बार होने वाली इस मेगा नीलामी का हिस्सा होंगे। पांच टीमें अधिकतम 73 स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी, जिनमें 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

277 खिलाड़ी होंगे डब्ल्यूपीएल की मेगा नीलामी का हिस्सा






### भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग

वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूर्नामेंट की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज कर दिया था। अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर ले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था।

### हरलीन, रेणुका और स्नेह नीलामी का हिस्सा

*हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर दांव लगने के संभावना है उनमें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, उनकी हमवतन अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोलवार्ट शामिल हैं। सि फ एक खिलाड़ी को रिटेन करने के बाद यूपी वॉरियर्स के पास नीलामी में सबसे अधिक राशि (14.5 करोड़ रुपए) है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास सबसे कम राशि (5.70 करोड़) है।*

### अजलन शाह कप : बेल्जियम ने भारत को हराया

**इपोह।** भारत ने बारिश से प्रभावित सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के मैच में डटकर मुकाबला किया लेकिन आखिर में वह बेल्जियम से 2-3 से हार गया। भारत के लिए अभिषेक (33वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (57वें) ने, जबकि बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17वें और 57वें) और निकोलस डी केर्पेल (45वें) ने गोल किए। डिफेंडर संजय की अगुवाई में भारत ने छह टीमों की प्रतियोगिता में रविवार को तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहला मैच 1-0 से जीता था। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। इसके बाद उसने जल्द ही दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल कर लिया। लेकिन दोनों अवसरों पर भारतीय रक्षापंक्ति ने डटकर मुकाबला किया और सुनिश्चित किया कि पहले क्वार्टर के अंत तक वे बराबरी पर रहें। भारतीय गोलकीपर पवन ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन वह 17वें मिनट में रोमन डुवेकोट को गोल करने से नहीं रोक पाए, जिससे बेल्जियम ने बढ़त हासिल कर ली।

### स्मृति मंधाना के अकाउंट से शादी से पहले के सोशल मीडिया पोस्ट गायब

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुछाल के साथ अपनी शादी से पहले के जश्न से जुड़े सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दिए हैं। उनके पिता के अस्पताल में भर्ती होने के कारण मुख्य समारोह अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। स्मृति और पलाश 23 नवंबर को महाराष्ट्र में इस क्रिकेटर के गृहनगर सांगली में शादी करने वाले थे। स्मृति के पिता के दिल की बीमारी की वजह से अस्पताल में भर्ती होने के बाद समारोह रोक दिया गया। हालांकि सगाई और दूसरे जश्न से पहले के वायरल सोशल मीडिया पोस्ट स्मृति के पेज से गायब होने के बाद इस जोड़ी के बीच के रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सगाई की घोषणा का वीडियो भी अब उनके पेज पर नहीं दिख रहा जिसमें स्मृति भारतीय टीम की अपनी कुछ साथियों के साथ 'लगे रहो मुन्नाभाई' के गाने 'समझो हो ही गया' पर नाच रही थीं।

## शंघाई हवाईअड्डे पर अरुणाचल की एक महिला प्रेमा थोंगडोक के पासपोर्ट को जब्त कर प्रताड़ित करने के मामले पर चीन की प्रतिक्रिया

# चीन का अभिन्न अंग है अरुणाचल प्रदेश, भारत ने किया इस पर अवैध कब्जा: प्रवक्ता माओ निंग

*अरुणाचल-प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू बोले, वैध पासपोर्ट पर नस्लीय उपहास निंदनीय है, भारत पहले ही मामले पर चीन के समक्ष जता चुका है अपनी आपत्ति*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




अरुणाचल-प्रदेश में जन्मी भारतीय महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक को शंघाई हवाईअड्डे पर प्रताड़ित किए जाने की घटना पर भारत के कूटनीतिक विरोध (डिमार्श) जताने के ठीक अगले दिन मंगलवार को चीन की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्न के जवाब में नई दिल्ली के विरोध को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि महिला को न तो किसी अनिवार्य हिरासत में रखा गया और न ही उन्हें किसी प्रकार से प्रताड़ित किया गया।

ईस्टर्न एयरलाइंस ने प्रेमा को आराम से बैठने के लिए जगह दी और वहां पर उन्हें खाना और पानी भी दिया गया। जांगनान यानी अरुणाचल-प्रदेश चीन का अभिन्न अंग है और वह भारत द्वारा इस पर किए गए किसी अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं करता है। सूत्रों ने 24 नवंबर को बताया था कि भारत ने मामले पर नई दिल्ली और बीजिंग में मौजूद चीन के दूतावासों के समक्ष अपना विरोध जताया है। जिसमें कहा कि अरुणाचल-प्रदेश निर्विवाद रूप से भारत का अभिन्न अंग है और इसके बाशिंदे भारतीय पासपोर्ट रखने और उसके साथ यात्रा करने के लिए पूरी तरह से अधिकृत हैं। शंघाई में भारत के वाणिज्य दूतावास ने मामले को स्थानीय स्तर पर उठाते हुए प्रभावित यात्री को जरूरी सहायता प्रदान की है। प्रेमा ने अपने ब्रिटेन के एक मित्र की मदद से दूतावास से संपर्क कर मदद मांगी थी। जिसके बाद उसे 21 नवंबर को देर रात की एक फ्लाइट में बिठाने की व्यवस्था की गई।

**प्रेमा का पासपोर्ट पूरी तरह से वैध है: खांडू:** अरुणाचल-प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक्स पोस्ट में कहा, अरुणाचल-प्रदेश की एक गौरवशाली भारतीय नागरिक प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक के साथ शंघाई हवाईअड्डे पर चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों द्वारा किए गए अस्वीकार्य व्यवहार से मैं स्तब्ध हूं। वैध भारतीय पासपोर्ट होने के बावजूद उन्हें अपमानित और नस्लीय उपहास का शिकार बनाना निंदनीय है। अरुणाचल-प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा।

इसके विपरीत लगाए गए तमाम आरोप निराधार और आपत्तिजनक हैं। खांडू ने पोस्ट में ये भी कहा कि चीन का ऐसा व्यवहार अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन करता है। साथ ही ये हमारे नागरिकों की गरिमा का अपमान है। मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार का विदेश मंत्रालय इस मामले को तत्काल रूप से उठाएगा। जिससे ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**प्रेमा ने 'एक्स' पर सुनाई आपबीती:** गौरतलब है कि प्रेमा ने इस पूरे मामले को लेकर अपनी आपबीती एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए सुनाई। उन्होंने कहा कि मैं बीते 21 नवंबर को लंदन से जापान की यात्रा कर रही थी। इस बीच शंघाई में तीन घंटे के ट्रांजिट स्टॉप-ओवर के दौरान ये पूरा मामला सामने आया। हवाईअड्डे पर चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों ने मेरे पासपोर्ट को सिर्फ इसलिए अवैध बताते हुए जब्त कर लिया। क्योंकि उसमें मेरा जन्म स्थान अरुणाचल-प्रदेश लिखा हुआ था।

मुझे कुल 18 घंटे तक प्रताड़ित किया, न बैठने की उचित जगह दी गई, न खाने-पीने को कुछ दिया गया। मेरे पासपोर्ट को अवैध बताते हुए चीनी अधिकारियों ने कहा कि अरुणाचल-प्रदेश भारत का नहीं चीन का हिस्सा है। इसलिए मेरा ये पासपोर्ट अवैध है। इसके अलावा ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं था। वह मेरा मजाक उड़ाते हुए कह रहे थे कि तुम चीन का पासपोर्ट क्यों नहीं ले लेती?

**नियम-कायदों के तहत की कार्यवाही:** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता के मुताबिक, हमारी सीमा से जुड़ी जांच में लगे अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया को नियम-कानूनों के हिसाब से पूरा किया है। जिसमें संबंधित व्यक्ति के कानून प्रदत अधिकारों और हितों को पूरी तरह से संरक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने अरुणाचल-प्रदेश पर चीन के दावे को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की है। साथ ही कहा कि इसे हम जांगनान और दक्षिणी तिब्बत कहते हैं। जांगनान चीन के भूभाग का हिस्सा है और वह इस पर भारत के किसी अवैध दावे को स्वीकार नहीं करता है।

**आईबी बनने से खत्म होगी समस्या:** रक्षा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि भारत और चीन के बीच एलएसी विवाद खत्म होने के बाद अब हालांकि आपसी संबंध धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। लेकिन आज तक दोनों देशों के बीच स्थायी अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) तय नहीं की गई है। इसलिए जम्मू-कश्मीर (लद्दाख शामिल) से लेकर अरुणाचल-प्रदेश तक दोनों के बीच कुल करीब तीन हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नाम से जाना जाता है। जिसके कुछ हिस्सों में स्थायी सीमाओं का निर्धारण न होने की वजह से अक्सर सैन्य विवाद हो जाता है। लेकिन एक बार आईबी का निर्धारण होने के बाद इस तरह की समस्या आने की संभावना काफी कम हो जाएगी।

**एनएसए कर रहे माथापच्ची:** जानकारों ने कहा, चीन दशकों से अरुणाचल-प्रदेश को तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा बताता आया है। जबकि भारत उसके इस दावे को कई बार अस्वीकार करते हुए साफ शब्दों में ये कह चुका है कि अरुणाचल-प्रदेश का पूरा इलाका उसके क्षेत्राधिकार में आता है। यानी पूर्वी भारत में स्थित यह राज्य उसका अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। शंघाई हवाईअड्डे पर चीनी अधिकारियों का उक्त दावा भी ड्रैगन की इसी पुरानी सोच को ही प्रदर्शित करता है। फिलहाल दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से निर्धारण करने के लिए विशेष प्रतिनिधि स्तर (एसआर) की उच्च-स्तरीय बातचीत का सिलसिला जारी है। जिसका नेतृत्व भारत और चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) कर रहे हैं।

### भारत का अभिन्न अंग है अरुणाचल: जायसवाल

उधर, मामले पर अपना पक्ष रखते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, अरुणाचल-प्रदेश भारत का अपरिहार्य और अभिन्न अंग है। इसे लेकर चीन द्वारा किया जाने वाला कोई भी दावा राज्य की जमीनी स्थिति और गैर विवादित सच्चाई को बदल नहीं सकता है। मंत्रालय को मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली थी कि अरुणाचल प्रदेश के एक भारतीय नागरिक को चीन के अधिकारियों ने हिरासत में रखा। जबकि उनके पर वैध पासपोर्ट था और वह लंदन से शंघाई होते हुए अपनी यात्रा के पड़ाव यानी जापान की ओर जा रही थीं। भारत ने मामले को पूरी मजबूती के साथ चीनी पक्ष के सामने उठाया है। जिसमें चीन अब तक इस संबंध में उठाए गए कदमों के बारे में स्पष्टीकरण नहीं दे पाया है। जो अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्राओं से जुड़ी हुई कई संधियों का उल्लंघन है। इसके अलावा चीन के अधिकारियों ने अपने खुद के नियम का भी उल्लंघन किया है। जिसके तहत उसके द्वारा दुनिया में सभी देशों के नागरिकों को 24 घंटे की वीजा फ्री ट्रांजिट की अनुमति प्रदान की जाती है।

## अगले महीने 1 से 2 दिसंबर तक श्रीलंका की यात्रा पर रहेंगे सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी

### सेनाप्रमुख ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर दी 'ऑपरेशन पवन' के शहीदों को पहली श्रद्धांजलि

# 39 साल बाद भारत की किसी सरकार ने दिया अभियान के शहीदों को औपचारिक सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा'...जी हां राजधानी में मौजूद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार के कार्यकाल की एक ऐसी ऐतिहासिक घटना का गवाह बना। जिसके साथ यह पंक्तियां पूरी तरह से मेल खाती हैं। पहली बार भारत ने न केवल वर्ष 1987 में ऑपरेशन पवन' के तहत श्रीलंका में भेजी गई अपनी शांति सेना (इंडियन पीस कीपिंग फोर्स, आईपीकेएफ) के अमर शहीदों के बलिदान को सार्वजनिक रूप से याद किया। बल्कि सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के शूरवीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने अभियान से जुड़े कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। जानकारों का कहना है कि अब हो सकता है कि एनडब्ल्यूएम पर हर साल इस अभियान की याद में भी कोई दिवस मनाया जाए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाए। लंबे वक्त से शहीदों के परिजन सरकार से इस अभियान को औपचारिक रूप से मान्यता देने की मांग कर रहे थे। जो आखिरकार पूरी हो गई है। इसके विपरीत श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में पहले से इस अभियान के सम्मान में बनाया गया एक आईपीकेएफ स्मारक मौजूद है। हर साल वहां शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। जिसमें भारत के कूटनीतिक प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। ये एक प्रकार से श्रीलंका द्वारा इस अभियान और उसके भारतीय शहीदों को दिए गए महत्व को प्रदर्शित करता है। वहीं, इन सबके बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले महीने 1 से 2 दिसंबर तक श्रीलंका की यात्रा करने जा रहे हैं। जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य और सामरिक संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**इसलिए नहीं दी गई सरकारी मान्यता?:** ऑपरेशन पवन में भारत-श्रीलंका के बीच हुए सैन्य समझौते के जरिए 1987 में आईपीकेएफ को श्रीलंका भेजा गया था। जिसका उद्देश्य बढ़ते तमिल-सिंहली संघर्ष को रोकना और लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के उग्रवादियों को निशस्त्र करना था।

लिट्टे ने समझौता नहीं माना, जिसके चलते श्रीलंका के घने जंगलों व कठिनाई वाले भूभाग में भीषण युद्ध छिड़ गया। जिसमें भारतीय सेना के कई सैन्यकर्मियों की शहादत हुई। जबकि कई अन्य बड़ी तादाद में घायल हुए। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत या उसकी केंद्र की किसी सरकार को इन शहीदों को आधिकारिक श्रद्धांजलि देने में 39 वर्ष का लंबा वक्त लग गया। पूर्ववर्ती सरकारों ने 1987 से 1990 तक करीब 32 महीनों तक चले भारत के इस पहले विदेशी सैन्य अभियान और उसमें शहादत देने वाले भारतीय सेना के जांबाज कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को पूरी तरह से भुला दिया था। इनके सम्मान में देश के बाकी सैन्य अभियानों की तरह एनडब्ल्यूएम पर कोई सालाना श्रद्धांजलि या स्मरणोत्सव आयोजित नहीं किया जाता था।

जिसके पीछे मोटा-मोटी तत्कालीन सरकारों की असंवेदनशीलता और उदासीनता के साथ राजनीतिक कारण बड़ी वजह माने जाते रहे हैं। जिसमें उनका मानना था कि भारत के लिए ऑपरेशन पवन एक अफसल अभियान साबित हुआ। क्योंकि इसके खत्म होने के तुरंत बाद यानी 1991 में श्रीलंका के लिट्टे के उग्रवादियों ने एक आत्मघाती बम विस्फोट के जरिए तमिलनाडु के श्रीपेंबदूर में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की निर्मम हत्या कर दी थी।

**1,171 शहीद हुए, 3 हजार से ज्यादा घायल:** ऑपरेशन पवन में कुल 1 हजार 171 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। जबकि घायलों की तादाद 3 हजार से अधिक रही है। इसे देश के सैन्य इतिहास में हुई सबसे भारी क्षति माना जाता है। अभियान में भारत के कई वीर योद्धाओं ने अपनी असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया। मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को 25 नवंबर 1987 को एक मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त होने के बाद मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अभियान से जुड़े पूर्व सैन्यकर्मी हर साल 24 मार्च को अपने आप राष्ट्रीय राजधानी में एकत्रित होकर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे हैं।


**सेनाप्रमुख की श्रीलंका यात्रा का महत्व:** 1 से 2 दिसंबर को होने वाली जनरल द्विवेदी की श्रीलंका यात्रा दोनों देशों के रक्षा सहयोग से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। यह दोनों के बीच लगातार जारी उच्च स्तरीय सैन्य गतिविधियों के क्रम को प्रदर्शित करता है। जिससे आपसी विश्वास और रणनीतिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलता है। सेनाप्रमुख की श्रीलंका में अपने समकक्ष और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात हो सकती है।

सेनाप्रमुख की ये यात्रा इसी साल सितंबर में नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी द्वारा की गई श्रीलंका की यात्रा के बाद हो रही है। पूर्व में जनरल नरवणे ने 2021 में श्रीलंका की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने श्रीलंका की सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के साथ सहयोग से जुड़े कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की थी और संयुक्त युद्धाभ्यास मित्र शक्ति का जायजा भी लिया था। श्रीलंका को भारत अपने एक निकट पड़ोसी देश होने की वजह से ही नहीं बल्कि अपनी पूर्व की ओर देखो नीति और महासागर विजन के तहत भी प्राथमिकता देता है।

## नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# वैश्विक सहयोगियों से राजनाथ की अपील, भारत के जहाज उद्योग के सामर्थ्य का करें इस्तेमाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के दौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से एक महत्वपूर्ण अपील की है। जिसमें उन्होंने उनसे भारत के जहाज उद्योग के सामर्थ्य का इस्तेमाल करने और अगली पीढ़ी की समुद्री क्षमताओं को विकसित करने पर जोर दिया है। रक्षा मंत्री के मुताबिक, इसी से स्थायी तकनीक और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनेगी। साथ ही दुनिया के लिए एक नवाचार वाला समावेशी और सुरक्षित भविष्य बनाया जा सकेगा। राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा नई दिल्ली में समुद्र उत्कर्ष नामक एक सेमिनार को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी है। जिसमें भारतीय शिपयार्डों की क्षमता को प्रदर्शित किया गया था।

**समुद्री सदी को आकार देगा भारत:** उन्होंने कहा, देश का जहाज निर्माण उद्योग जिसमें जोशीले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और गतिशील निजी क्षेत्र की साझेदारी रहती है। ये हमारे क्षेत्रीय और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करता है। भारत न केवल जहाज बल्कि विश्वास, न केवल प्लेटफार्म बल्कि साझेदारी बनाकर समुद्री सदी को आकार देने में मदद प्रदान करने के लिए तैयार है। देश का एकीकृत जहाज निर्माण इकोसिस्टम उसे सच में अलग बनाता है। निर्माण से लेकर जहाज को विकसित करने का हर चरण भारत में ही पूरा किया जाता है। वर्तमान में हमारे सार्वजनिक और निजी शिपयार्ड हजारों एमएसएमई के सहयोग से एक मजबूत मूल्य श्रृंखला बना चुके हैं। ये स्टील, प्रोपल्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर और उन्नत युद्धक तंत्र तक फैली हुई है।

**जल्द वाणिज्यिक बेड़ा भी देश में बनेगा:** रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया कि जल्द ही भारत का वाणिज्यिक बेड़ा भी पूरी तरह से देश में ही बनेगा। दोनों तटों पर हमारे शिपयार्ड अब आधुनिक फैब्रिकेशन लाइनें, उन्नत मैटीरियल-हैंडलिंग सिस्टम, ऑटोमेटड डिजाइन, टूल्स, मॉडल टेस्टिंग सुविधा और डिजिटल शिपयार्ड तकनीक चलाते हैं। जो वैश्विक मानकों पर आधारित है। आज हम विमानवाहक युद्धपोत से लेकर अत्याधुनिक अनुसंधान पोत और ऊर्जा दक्ष व्यावसायिक पोत तक देने में सक्षम हैं। ये समावेशी क्षमता भारत को आने वाले दशक में जहाज निर्माण, मरम्मत और समुद्री नवोन्मेष का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनने के लिए मजबूती से तैयार करती है।

**अंतिम चरण में पहुंची 262 परियोजनाएं:** उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिशों का ही नतीजा है कि भारतीय नौसेना की 262 स्वदेशी डिजाइन और विकास परियोजनाएं अपने अंतिम चरण में हैं। इतना ही नहीं नौसेना और तटरक्षकबल का प्रत्येक जहाज आज के समय में देश के अंदर ही बन रहा है। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने का प्रमाण है। हमें अपने प्लेटफार्म में ज्यादा स्वदेशी विषय सूची होने का भी गर्व है। कुछ स्वदेशी शिपयार्ड इस दशक में शत प्रतिशत स्वदेशी कंटेंट हासिल करने की राह पर हैं। जिसका अर्थ ये है कि भारत से सप्लाई किए जाने वाले नौसेना के किसी भी जहाज को आपूर्ति श्रृंखला में कम से कम दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

**नीतिगत सुधारों से फलता-फूलता क्षेत्र:** हमारे जहाज निर्माण उद्योग में बदलाव आगे की सोच वाले नीतिगत सुधारों पर टिका हुआ है। जिसमें मैरीटाइम इंडिया विजन 2030, मैरीटाइम अमृतकाल विजन 2047, रक्षा उत्पादन-निर्यात नीति और रक्षा खरीद मैनुअल 2025 शामिल है। भारतीय शिपयार्ड ग्लोबल कमर्शियल व दोहरे इस्तेमाल वाले समुद्री उद्योग में बड़ी कंपनियों के रूप में उभर रहे हैं। जिसमें घरेलू इस्तेमाल और ग्लोबल क्लाइंट्स के लिए ग्रीन-फ्यूल वेसल, एलएनजी कैरियर, रोल-ऑन रोल-ऑफ वेसल और हाई-एफिशिएंसी कमर्शियल जहाज बनाकर एक फोर्स मल्टीप्लायर के तौर पर उभरने के लिए निजी क्षेत्र की प्रशंसा की।

### नेपाल में हुए जेन-जेड के हिंसक विरोध-प्रदर्शन की समाप्ति के बाद होता यह युद्धाभ्यास

# भारत-नेपाल की सेनाओं के बीच उत्तराखंड में शुरू हुआ सूर्यकिरण युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




भारत और नेपाल की थल-सेनाओं के बीच मंगलवार से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में सूर्यकिरण युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इस वर्ष इसका 19वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारतीय सैन्य दल का नेतृत्व असम रेजिमेंट के 334 सैनिक कर रहे हैं। जबकि नेपाली पक्ष का प्रतिनिधित्व समान संख्या 334 के साथ देवी दत्ता रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। सेना ने बताया कि यह युद्धाभ्यास 25 नवंबर से लेकर 8 दिसंबर तक चलेगा।

**जेन-जेड के प्रदर्शन के बाद होता युद्धाभ्यास:** सूर्यकिरण युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अधिदेश के अध्याय-7 के तहत पारंपरिक सैन्य अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है। साथ ही सेनाओं के बीच जंगल युद्ध अभियानों, पर्वतीय क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियानों के दौरान तालमेल को बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण, प्रतिक्रिया चिकित्सा, आपदा और मानवीय सहायता के वक्त आपसी सामंजस्य को और अधिक मजबूत बनाना भी इसमें शामिल है। गौरतलब है कि नेपाल में हाल ही में समाप्त हुए सरकार विरोधी जेन-जेड के खूनी-हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बाद एक प्रकार से अस्थिर बने हुए पड़ोसी देश के हालातों के बीच यह पहला मौका है। जब ये युद्धाभ्यास आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दोनों देशों की सेनाएं भागीदारी कर रही हैं।

**युद्धाभ्यास में शामिल होंगे यूएवी, एआई उपकरण:** युद्धाभ्यास में दोनों सेनाएं विशिष्ट और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। जिसमें मानव रहित हवाई प्रणाली, ड्रोन आधारित आईएसआर, एआई सक्षम निर्णय मदद उपकरण, मानव रहित लॉजिस्टिक वाहन और बख्तरबंद सुरक्षा प्लेटफार्म शामिल हैं। जिससे दोनों सेनाओं को वैश्विक गतिशीलता के अनुरूप आतंकवाद रोधी वातावरण में संचालन के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने में मदद मिलेगी। सूर्यकिरण युद्धाभ्यास सैनिकों के बीच अंतर-संचालन स्तर को बढ़ाएगा तथा शांति स्थापना अभियानों में यूएन के हितों और एजेंडे को सर्वोपरि रखते हुए जीवन और संपत्ति के जोखिम को कम करने पर भी इसमें ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सैन्य प्रतिभागियों को युद्धाभ्यास के दौरान एक दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा इससे दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग बढ़ेगा और भारत-नेपाल के मध्य द्विपक्षीय रक्षा संबंध भी और अधिक प्रगाढ़ होंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109